पौष माह, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 263 पृष्ठ 8 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज बुधवार 19 जनवरी 2022

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# कोरोना टेस्टिंग को बढ़ाएं राज्य: केंद्र

## टेस्टिंग बढ़ाने से महामारी की वास्तविक स्थिति का पता चलेगा और नागरिकों के लिए जरूरी एक्शन तुरंत लिए जा सकेंगे

**नई दिल्ली**

कोरोना के केसों में गिरावट के बाद केंद्र ने राज्यों को टेस्टिंग बढ़ाने की सलाह दी है। केंद्र ने कहा कि टेस्टिंग बढ़ाने से महामारी की वास्तविक स्थिति का पता चलेगा और नागरिकों के लिए जरूरी एक्शन तुरंत लिए जा सकेंगे। उधर, एक्सपर्ट ने कहा है कि मुंबई में ओमिक्रॉन की लहर थमना शुरू हो गई है, लेकिन देश के बाकी हिस्सों में इसका असर मार्च तक देखा जाएगा। पूरे देश के लिए अगले दो हफ्ते महत्वपूर्ण हैं। महामारी विशेषज्ञ डॉ. गिरिधर बाबू ने कहा कि ओमिक्रॉन की लहर को पीक पर पहुंचने में अमूमन 3 हफ्ते का समय लगता है। डेल्टा वेव के मुकाबले इसके पीक पर पहुंचने की रफ्तार तीन गुना ज्यादा है।

**सोमवार को देश में आए 2.38 लाख मामले:** देश में लगातार दूसरे दिन कोरोना के मामले घटे हैं। सोमवार को कोरोना के 2 लाख 38 हजार 18 नए केस मिले हैं। इस दौरान 305 लोगों की मौत हुई और 1 लाख 57 हजार 421 मरीज ठीक भी हुए। देश में फिलहाल एक्टिव केस की कुल संख्या 17 लाख 36 हजार 628 है। इससे पहले रविवार को 2 लाख 58 हजार 89 नए केस दर्ज किए गए थे। देश में 10 जनवरी से अब तक 50 लाख से ज्यादा बुजुर्गों, हेल्थकेयर और फ्रंटलाइन वर्कर्स को प्रिकॉशनरी डोज लगाया जा चुका है। इसकी जानकारी मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडवीय ने दी। उन्होंने ट्वीट किया-





नया दिन, नई उपलब्धि! 10 जनवरी से अब तक देश में 50 लाख से ज्यादा बुजुर्गों, हेल्थकेयर वर्कर्स और फ्रंटलाइन वर्कर्स को प्रिकॉशन डोज लगाया जा चुका है। जो लोग इस वैक्सीन डोज के लिए एलिजिबल हैं, मैं उनसे अपील करता हूं कि अपना डोज जल्द से जल्द लें।

**'कोरोना मरीज को स्टेरॉयड देने से बचें डॉक्टर्स'**

केंद्र सरकार ने कोरोना के इलाज से संबंधित अपनी गाइडलाइंस में कुछ बदलाव किए हैं।

नई गाइडलाइंस में डॉक्टर्स को सलाह दी गई है कि वे मरीज को स्टेरॉयड्स देने से बचें। इससे ब्लैक फंगस जैसे दूसरे इन्फेक्शन होने का खतरा बढ़ जाता है। कुछ दिनों पहले ही नेशनल कोविड टास्क फोर्स के चीफ डॉ वीके पॉल ने दूसरी लहर में इन ड्रग्स के जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल को लेकर पछतावा जाहिर किया था। नई गाइडलाइंस के अनुसार, अगर स्टेरॉयड्स बहुत जल्दी और ज्यादा मात्रा में या फिर काफी लंबे समय तक दिए जाते है, तो इससे मरीजों को दूसरी गंभीर बीमारियां भी हो सकती हैं।

### क्या होते हैं स्टेरॉयड्स?


स्टेरॉयड एक प्रकार का कैमिकल होता है, जो हमारे शरीर के अंदर ही बनता है। इस कैमिकल को सिंथेटिक रूप से भी तैयार किया जाता है, जिसका इस्तेमाल किसी विशेष बीमारी के इलाज के लिए किया जाता है। इसके अलावा स्टेरॉयड का उपयोग पुरुषों में हार्मोन बढ़ाने, प्रजनन क्षमता बढ़ाने, मेटाबॉलिज्म और इम्युनिटी को दुरुस्त करने में किया जाता है। मांसपेशियों और हड्डियों में मजबूती बढ़ाने के साथ-साथ दर्द के इलाज में यह इस्तेमाल किया जाता है।,एक्सपर्ट्स का मानना है कि स्टेरॉयड्स के ज्यादा इस्तेमाल से हार्ट अटैक, लिवर की समस्या, ट्यूमर, हड्डियों को नुकसान, शरीर का विकास रुकना, बांझपन, बाल झड़ना, लंबाई बढ़ना, अवसाद आदि बीमारियां हो सकती हैं। फिर भी डॉक्टर्स कई मामलों में स्टेरॉयड का इंजेक्शन देते हैं।

### क्या कहती हैं सरकार की नई गाइडलाइंस?

- अगर किसी मरीज को 2-3 हफ्ते तक खांसी बरकरार रहती है, तो उसे टीबी या दूसरी बीमारियों का टेस्ट कराना चाहिए

सांस लेने में दिक्कत है, पर सांस नहीं फूल रही और ऑक्सीजन लेवल नहीं घट रहा है, तो ऐसे मरीजों को हल्के संक्रमण की श्रेणी में रखा गया है। इन्हें होम आइसोलेशन की सलाह दी गई है

- हल्के कोविड संक्रमण से जूझ रहे ऐसे मरीज, जिन्हें 5 दिन से ज्यादा समय तक सांस लेने में दिक्कत हो, काफी ज्यादा खांसी और बुखार हो, तो उन्हें तुरंत डॉक्टर के पास जाना चाहिए
- ऐसे मरीज जिन्हें सांस लेने में काफी दिक्कत हो और उनका ऑक्सीजन सैचुरेशन 90-93 के बीच हो, उन्हें अस्पताल में भर्ती करना चाहिए।
- ऐसे मरीजों को ऑक्सीजन सपोर्ट दिया जाना चाहिए। इन्हें सामान्य मरीजों की श्रेणी में रखा गया है
- अगर किसी मरीज को 2-3 हफ्ते तक खांसी रहती है, तो उसे



टीबी या दूसरी बीमारियों का टेस्ट कराना चाहिए

- अगर किसी मरीज को 2-3 हफ्ते तक खांसी रहती है, तो उसे टीबी या दूसरी बीमारियों का टेस्ट कराना चाहिए
- रेस्पिरेटरी रेट अगर प्रति मिनट 30 से ऊपर है, मरीज सांस नहीं ले पा रहा है और ऑक्सीजन लेवल 90% से नीचे है, तो ऐसे मरीज गंभीर माने जाएंगे। इन्हें तुरंत आईसीयू में भर्ती किया जाना चाहिए और रेस्पिरेटरी सपोर्ट दिया जाना चाहिए
- जिन मरीजों की सांस धीमी चल रही हो और ऑक्सिजन सपोर्ट की जरूरत हो, उन्हें हेलमेट या फेस मास्क द्वारा गैर-आक्रामक वेंटिलेशन दिया जाना चाहिए

# कांग्रेस की सरकार ने संसाधनों का दुरुपयोग किया: निर्मला

## अंतरिक्ष-देवास सौदे को लेकर कांग्रेस निशाने पर

**नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का अंतरिक्ष-देवास सौदे को लेकर फैसला आया है। इस फैसले से स्पष्ट है कि कांग्रेस शासन में संसाधनों का दुरुपयोग किया गया। वित्त मंत्री ने कहा कि जब साल 2005 में यह सौदा हुआ था, तब केंद्र में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) की सरकार थी। सीतारमण ने मंगलवार को यहां आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान यह बात कही। सीतारमण ने कहा कि अब कांग्रेस को इसके बारे में जवाब देना चाहिए कि कैसे कैबिनेट को अंधेरे में रखा



गया क्योंकि उन्हें क्रोनी कैपिटलिज्म के बारे में बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। वित्त मंत्री ने कहा कि अंतरिक्ष-देवास सौदे को सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के आदेश को सही ठहराया है। उन्होंने कहा कि इसके पहले एनसीएलटी ने लिक्विडेशन का आदेश जारी किया था। इसके बाद देवास ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सुप्रीम कोर्ट ने एनसीएलटी के आदेश को सही ठहराया है। सीतारमण ने कहा कि प्राइमरी वेवलेंथ, सैटेलाइट या स्पेक्ट्रम बैंड की बिक्री करके इसे निजी पार्टियों को देना और निजी पार्टियों से पैसा कमाना कांग्रेस सरकार की विशेषता रही है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश से पता चलता है कि कैसे यूपीए सरकार गलत कामों में लिप्त थी। वित्त मंत्री ने कहा कि अंतरिक्ष-देवास सौदा राष्ट्रीय सुरक्षा के खिलाफ था।

# आप के सीएम उम्मीदवार होंगे भगवंत मान

**चंडीगढ़**

आम आदमी पार्टी ने संगरूर के सांसद भगवंत मान सिंह को पंजाब में अपना मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित कर दिया है। पेशे से कॉमेडियन, एक्टर भगवंत मान सिंह ने 2011 में राजनीति में एंट्री की थी। इसके बाद वह संगरूर से दो बार लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं।

**शिक्षा:** 12वीं पास, शहीद उधम सिंह राजकीय कॉलेज से 1992 में बीकॉम प्रथम वर्ष की पढ़ाई भी की है। हालांकि, बाद में पढ़ाई छोड़ दी।

**मान सिंह और उनका जीवन:** भगवंत मान 2014 और 2019 में आम आदमी पार्टी से लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। मान को जुग्नू



नाम से भी पुकारते हैं। वह एक प्रसिद्ध पंजाबी कॉमेडियन भी रह चुके हैं। मान ने मशहूर कॉमेडियन कपिल शर्मा के साथ द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज नाम के टीवी शो में भी भाग लिया था। उनका जन्म 17 अक्टूबर 1973 को पंजाब के संगरूर जिले के सतोज गांव में हुआ था। उन्होंने पंजाब के संगरूर जिले के एस.यू.एस. सरकारी कॉलेज से बीकॉम की पढ़ाई बीच में छोड़ दी।

## पंजाब को नंबर वन बनाने का सपना सोने नहीं देता: मान

**चंडीगढ़:** आम आदमी पार्टी द्वारा मुख्यमंत्री चेहरे के रूप में घोषित किए गए भगवंत मान ने कहा है कि पंजाब के युवाओं का विदेशों में पलायन रोकना तथा पंजाब को सभी क्षेत्रों में नंबर वन राज्य बनाना ही उनका मुख्य लक्ष्य होगा।

भगवंत मान ने कहा कि पंजाब वासियों के सहयोग से अगर वह मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचते हैं तो उनकी कलम भाई-भतीजावाद को बचाने के लिए नहीं बल्कि गरीब व जरूरतमंद लोगों को इंसाफ दिलाने के लिए ही चलेगी।

## पिछले 5 सालों में यूपी में 16.5 लाख युवाओं की छिन गई नौकरी: प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली**

**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी ने उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी और शिक्षा के बजट में कथित कटौती के मुद्दों को लेकर मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधा और कहा कि विधानसभा चुनाव में रोजगार एवं शिक्षा ही असली एजेंडे हैं जिन पर युवाओं को डटे रहना चाहिए। उन्होंने ट्वीट किया, "उत्तरप्रदेश में पिछले 5 सालों में 16.5 लाख युवाओं की नौकरी छिन गई। 4 करोड़ लोगों ने हताश होकर नौकरी की आशा छोड़ दी। लेकिन योगी आदित्यनाथ जी इस पर न बात करते हैं, न ट्वीट ... क्योंकि उन्हें मालूम है कि पर्दा जो उठ गया तो राज खुल जाएगा। युवाओं, आप रोजगार के एजेंडे पर डटे रहना। कांग्रेस की उत्तर प्रदेश प्रभारी ने दावा किया, "योगी आदित्यनाथ की सरकार ने 5 वर्षों में शिक्षा बजट में भारी कटौती की। बजट ज्यादा मिलता तो युवाओं को नए विश्वविद्यालय, इंटरनेट, छात्रवृत्तियां, और छात्रावास मिलते। प्रियंका गांधी ने युवाओं से आह्वान किया।

# गणतंत्र दिवस पर आतंकी साजिश से निपटने के लिए अलर्ट जारी

**नई दिल्ली**

गणतंत्र दिवस पर किसी भी आतंकी साजिश से निपटने के लिए दिल्ली पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। राजधानी में 20 जनवरी से 15 फरवरी तक मानव रहित हवाई वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। दिल्ली पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना ने बताया कि इस अवधि में पैरा-ग्लाइडर, पैरा-मोटर, मानव रहित विमान प्रणाली, दूर से चलने वाले विमान, छोटे आकार के विमान, क्वाडकॉप्टर, पैरा-जंपिंग आदि का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी)



के उपयोग से आतंकी आम जनता, गणमान्य व्यक्तियों और महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा के लिए खतरा उत्पन्न कर सकते हैं।

**प्रमुख स्थानों और इमारतों की सुरक्षा बढ़ाई गई:** इंटेलिजेंस ब्यूरो ने दिल्ली पुलिस से नौ पन्नों का अलर्ट साझा किया है। बताया जा रहा है कि आतंकी देश के कई बड़े नेताओं को निशाना बनाने की साजिश रच रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि आतंकी संगठन खालिस्तान लिबरेशन फोर्स ने अन्य आतंकी संगठनों के साथ साजिश रची है। जिसको देखते हुए राजधानी के प्रमुख स्थानों और इमारतों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

**आईईडी (बम) मिलने से सुरक्षा एजेंसियों की नींद उड़ी:** इस बार गणतंत्र दिवस की परेड आधा घंटा देरी से शुरू होगी।

## आजम खां लड़ेंगे विधानसभा चुनाव

**रामपुर**

समाजवादी पार्टी ने रामपुर जिले की पांचों विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों का एलान कर दिया है। इसके तहत शहर विधानसभा सीट से सांसद आजम खां को प्रत्याशी बनाया गया है, जबकि स्वार टांडा से उनके पुत्र अब्दुल्ला आजम चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा चमरौआ और मिलक सुरक्षित सीट से पुराने चेहरों पर ही दांव लगाया है, जबकि, बिलासपुर विधानसभा सीट से अमरजीत सिंह को प्रत्याशी बनाया गया है। जिले में दूसरे चरण में विधानसभा चुनाव होना है। इसके लिए 21 जनवरी से नामांकन शुरू हो जाएंगे। जबकि, 14 फरवरी को मतदान होगा। ऐसे में भाजपा व कांग्रेस के बाद अब



समाजवादी पार्टी ने भी मंगलवार को अपने प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए। शहर विधानसभा सीट से सांसद आजम खां चुनाव लड़ेंगे। आजम खां इस सीट से नौ बार विधायक रहे हैं। साथ ही प्रदेश में जब-जब सपा की सरकार बनीं, तो वे सबसे ताकतवर मंत्री बने। वहीं, स्वार टांडा विधानसभा सीट से आजम खां के पुत्र अब्दुल्ला आजम खां सपा के टिकट पर एक बार फिर चुनाव मैदान में उतरेंगे।

# बूस्टर भी बेकार?: इजरायल में लग रही वैक्सीन की चौथी डोज

**येरुशलम**

**दुनियाभर** में कोरोना वायरस का ओमिक्रॉन वैरिएंट जबरदस्त तेजी से फैल रहा है। खासकर अमेरिका और यूरोप में इस वैरिएंट की वजह से अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवाओं पर बोझ बढ़ा है। इजरायल ने इन स्थितियों से बचने के लिए ही पिछले महीने अपने नागरिकों को वैक्सीन की चौथी डोज लगाना शुरू कर दिया था। हालांकि, इजरायली अस्पतालों की तरफ से आई शुरूआती रिपोर्ट बूस्टर डोज के लगातार इस्तेमाल की तरफ निराशा बढ़ाने वाली दिखती है। इसमें कहा गया है कि कोरोना वैक्सीन की चौथी डोज भी ओमिक्रॉन के खिलाफ सीमित सुरक्षा ही देती है।

**इजरायल में क्यों लग रहीं वैक्सीन की चौथी डोज?**-दरअसल, ओमिक्रॉन की पहचान के बाद वैज्ञानिकों ने पाया कि वैक्सीन की दो डोज समय के साथ अपनी घटती प्रभावशीलता की वजह से इस वैरिएंट के खिलाफ कम प्रभावी होंगी। ऐसे में लोगों को



इस वैरिएंट से सुरक्षा के लिए तीसरी यानी बूस्टर डोज की जरूरत होगी। मजेदार बात यह है कि इस्राइल में पहले ही कोरोना वैक्सीन की घटती प्रभावशीलता और वायरस से अतिरिक्त बचाव के लिए वैक्सीन की तीसरी डोज लगाई जा चुकी थी। इसके बावजूद देश में लोगों का ओमिक्रॉन से संक्रमित होना जारी रहा। इसके चलते बाद में इस्राइल सरकार ने नागरिकों को कोरोना वैक्सीन की चौथी डोज लगाने का फैसला किया। अब शेबा अस्पताल की तरफ से टीके की चौथी डोज पा चुके 270 चिकित्सकों पर रिसर्च में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। बताया गया है कि 270 में से 154 को फाइजर की वैक्सीन लगी थी, जबकि 120 को मॉडर्ना। यह सभी लोग पहले भी तीन बार फाइजर की वैक्सीन लगवा चुके थे।

**चौथी डोज को लेकर क्या आए नतीजे?**- रिसर्च में सामने आया कि चौथी डोज लगवाने के बाद सभी में एंटीबॉडीज की मात्रा पिछली यानी तीसरी डोज लगवाने के बाद से ज्यादा पाई गईं। हालांकि, यह बढ़ी हुई एंटीबॉडीज भी ओमिक्रॉन के प्रसार को नहीं रोक पाईं। स्टडी के मुताबिक, चौथी डोज से बढ़ी एंटीबॉडीज से भी ओमिक्रॉन के खिलाफ आंशिक सुरक्षा ही मिल पाई। अस्पताल के संक्रामक रोग के निदेशक डॉक्टर गिली रेजेव-योचय ने कहा, "वैक्सीन जो पिछले वैरिएंट के खिलाफ काफी प्रभावी थीं, वे ओमिक्रॉन के खिलाफ काफी कम प्रभावी हैं।

# भाजपा की बौखलाहट है ईडी की रेड: चन्नी

**चंडीगढ़**

पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने ईडी की छापेमारी को राजनीति से प्रेरित करार देते हुए कहा कि भाजपा ने इन छापों के माध्यम से अपनी बौखलाहट दिखा दी है। ईडी की छापेमारी के दौरान चन्नी ने एक वीडियो जारी करके कहा कि पंजाब में करीबन 10 ठिकानों पर ईडी की तरफ से आज रेड की जा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान पश्चिम बंगाल में भी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके रिश्तेदारों को ईडी ने तंग किया था। अब पंजाब में भी ईडी का इस्तेमाल कर



कांग्रेस पर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब पंजाब में चुनाव की घोषणा हो चुकी है तो इस तरह की रेड लोकतंत्र के लिए सही नहीं है। केंद्र सरकार कितना भी दबाव बनाने की कोशिश करे लेकिन पंजाबी भी किसी से दबने या डरने वाला नहीं है। हम हर चुनौती का डटकर मुकाबला करेंगे।

## खबर संक्षेप

### क्षेत्र में अलाव की अनदेखी प्रशासन मूक दर्शक, ठंड से बेहाल हो रहे लोग

**करछना।** मंकर संक्रांति के बाद मगलवार को भी दिनभर बढती गलन का लोगों और पशुओं पर गहरा असर देखा गया।दोपहर में धूप जरूर निकली लेकिन शाम होते ही गलन और बढ़ गई जिससे जगह-जगह लोगों को अलाव का भी सहारा लेना पड़ा।बढ़ती ठंड में किसानों का मानना है कि गेंहू जैसी फसलों के लिए लाभदायक जरूर है किन्तु कोहरा पड़ने पर इसका प्रभाव दलहनी और तिलहनी फसलो पर पड सकता है। साथ ही आलू में झुलसा रोग की संभावना बढ़ सकती है।ठंड के मद्देनजर अभी तक करछना में कई खास जगहों पर प्रशासन द्धारा अलाव व्यवस्था न किए जाने से लोगों में नाराजगी है। बढ़ती गलन के मद्देनजर लोगों ने अलाव जलवाने की मांग की है।

### अधिवक्ता के पिता को पितृ शोक

**जसरा।** वरिष्ठ अधिवक्ता मिथिलेश पाठक के पिता के निधन पर क्षेत्र के अधिवक्ता समाज के साथ समाज सेवियों ने शोकसभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।क्षेत्र के वरिष्ठ अधिवक्ता व समाजवादी पार्टी के नेता मिथिलेश पाठक के पिता प्रेम नारायण पाठक का गत दिवस उनके निवास स्थान परसरा में मृत्यु हो गई। मृत्यु की खबर मिलते ही क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी और अधिवक्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई । मौके पर उपस्थित समाजसेवियों ने प्रेमनारायण पाठक की समाज में किए गए योगदान की चर्चा करते हुए उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर मुख्य रूप से राजा बाबू पाठक, सत्येंद्र प्रताप सिंह, बब्बन सिंह , मिथिलेश पाठक , आनंद जायसवाल, ज्ञानेंद्र कुमार , सनद कुमार ,बीडी पाठक, रमेश चंद , कमला कांत द्विवेदी सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### करछना सदर कीं पूर्व प्रधान के निधन पर गहरा शोक

**करछना।** स्थानीय करछना गांव की पूर्व प्रधान राजरानी देवी 78 के निधन पर ग्रामीणों में गहरा शोंक व्याप्त है।जन्मदिन के ही दिन तिथि पर उनके निधन के चर्चा भी गांव के लोग करते रहे।अपनी ईमानदार छवि और सरल स्वभाव के चलते अपने प्रधानकाल में ग्रामीणों में काफी लोकप्रिय थी।उनका अंतिम संस्कार मनैया गंगा घाट पर संपन्न हुआ।राजरानी अपने पीछे एक संपन्न और भरा पूरा परिवार छोड़ गई।करछना में हुई शोकसभा में प्रवुद्धजनों ने उनके कार्यो की सराहना करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए।साथ ही दो मिनट का मौन रखते हुए दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

# बर्फीली हवाओं से ठिठुरा जिस्म, दूर-दूर तक नहीं दिखाई पड़ी सूर्यदेव की गाड़ी

## दो दिन बाद ही राहत की गुंजाइश...



आलोक गुप्ता

**प्रयागराज।** पश्चिमी विक्षोभ की वजह से बिगड़ा मौसमी सिस्टम अभी पटरी पर नहीं आ सका है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी ने सितम ढा दिया है। मंगलवार की सुबह घड़ी ने जरूर सुबह के छह बजाए, पर प्रकृति की घड़ी और सूर्यदेव की रफ्तार जीरो ही रही। उजाला होने के बाद सुबह होने का आभास हुआ, पर सूर्यदेव नजर नहीं आए। पूर्वाह्न कुछ क्षण के लिए ऐसा प्रतीत हुआ कि सूर्यदेव की गाड़ी विलंबित चल रही है, पर धुंध और बादलों ने सूर्यदेव को आगे बढ? ही नहीं दिया। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटे बाद ही हाड़ कंपाने वाली ठंड से राहत की गुंजाइश है। ठंड की वजह से जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। पशु-पक्षी भी बेहाल हैं। अमूमन सुबह-सुबह सुनाई पड? वाली पक्षियों की चहचहाहट भी देर से सुनने को मिली। बीती रात का न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया,जबकि अधिकतम तापमान 17-18 के बीच बना रहा। समीपवर्ती जनपद प्रतापगढ़ और कौशांबी की भी यही स्थिति है। हालत यह है कि आग (अलाव) के पास से हटते ही शरीर कांपने लग रहा है। हाथ-पैर सुन्न पड़ जा रहे हैं।

### फिर से पड़ सकती हैं रिमझिम फुहारें

मौसम विभाग के मुताबिक तापमान की यह स्थिति जनवरी के अंत तक बनी रहेगी। मौसम विभाग के मुताबिक एक दो दिन में हालात थोड़े-बहुत ठीक होंगे, लेकिन पुनः एक-दो दिन बाद इसी तरह के हालात से सामना करना होगा। ठंड का यह सितम 27 जनवरी तक बने रहने की उम्मीद है। 22-23 जनवरी को रिमझिम फुहारें पड? की भी उम्मीद है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रो. शैलेंद्र राय ने बताया कि इसी तरह मौसम आने वाले कुछ दिनों तक बना रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ और पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी और पछुआ हवा के कारण न्यूनतम तापमान के साथ-साथ अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। इस समय एहतियात बरतने की जरूरत है।

### जनपद में न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस

दूसरी तरफ प्रयागराज में आज सुबह सात डिग्री सेल्सियस तापमान रिकार्ड किया गया। मौसम वैज्ञानिक के मुंताबिक मंगलवार सबसे ज्यादा ठंड रहा। यहां सुबह छह बजे न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि दोपहर तक तापमान नौ डिग्री सेल्सियस तक बना रहा, जिससे लोगों को कड़ाके की सर्दी का सामना करना पड़ रहा है। जिस तरह के मौजूदा हालात बने हुए हैं, ऐसी स्थिति आगामी दो-तीन दिन तक बनी रहेगी।

### कड़ाके की ठंड को देखते हुए हिटर ब्लोअर दे रहे हैं साथ



**जारी।** ठंड के दिनों में ज्यादातर घरों में हीटर और ब्लोअर निकल आया है लोग बिजली का बिल बढ़ने की आशंका को दरकिनार करते हुए हीटर और ब्लोअर के सामने बैठकर गर्मी का एहसास कर रहे हैं लोगों का कहना है कि ठंड अब पढ़ना शुरू हो गई है ऐसे में घर में बच्चों और बुजुर्गों का ध्यान रखना जरूरी है बिजली का बिल भले ही बढे. लेकिन जिंदगी से बढ़कर कुछ भी नहीं और कुछ लोग का कहना है कि हीटर ब्लोअर से बिजली को लोड बढ़ता है इसलिए उन्होंने ठंड से बचने के लिए लकड़ी आदि की व्यवस्था की है महिलाओं का कहना है कि उनका ज्यादा समय किचन में ही बीत जाता है गैस या स्टोव कि आग से उन्हें राहत मिलती रहती है । तो वही कड़ाके की ठंड को देखते हुए जारी स्थित शिवम हॉस्पिटल में डॉक्टर देवेंद्र द्वारा मरीजों के परिजनों के लिए अलाव की व्यवस्था भी कराई गई है ।जिससे आने जाने वाले राहगीर भी ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं ।

### शीतलहर : ठंड से बचने के लिए लोग ले रहे हैं अलाव का सहारा



जारी। कड़ाके की सर्दी के साथ में गलन सितम ढा रही है ठिठुरन बढ़ने से जनजीवन पर व्यापक असर पड़ रहा है दोपहर में निकली धूप भी शीतलहर के आगे सर्दी से राहत नहीं दे सकी स्कूलों में अवकाश होने से बच्चों को राहत रही सर्दी चरम पर है ।सुबह के समय गलन के चलते हाथ कपड़ों से बाहर निकालना भी मुश्किल हो रहा है बफीर्ली हवाओं से ठिठुरन काफी बढ़ गई है बारिश भले ही बंद है पर बादलों का डेरा बना हुआ है ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुबह हल्का कोहरा देहात क्षेत्रों में और अधिक इसके चलते सड़कों पर वाहन लाइट जलाकर चल रहे थे शीतलहर के कारण ही कोहरा हल्का हो गया सुबह के समय तापमान भी कम रहा सर्दी से बचने के लिए लोग सिर से पांव तक खुद को गर्म कपड़ों से ढक कर ही बाहर निकले सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में अवकाश रहने से बच्चों के साथ अभिभावकों ने भी राहत महसूस की शीत लहर के चलते धूप से खास राहत नहीं मिली गर्म कपड़ों की खरीदारी करने के लिए बाजारों में भीड़ रही दिन में कोहरा भले ही कम हो गया है मगर शाम होते ही बढ़ जाता है और कोहरे चलते खेतों में ओस की बूंदे टपकती रहती हैं इससे वह पर काम करना भी मुश्किल हो रहा है गेहूं, मटर ,सरसों के अलावा टमाटर व सब्जियों की फसलों में काम करने में किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है सर्दी के साथ पड़ रही गलन से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है वहीं शीतलहर शुबह से ही चलने लगती है इससे लोग परेशान हैं सर्दी से बचने के लिए अलग सहारा बने हुए हैं ग्रामीण क्षेत्रों में घरों के अंदर लोग लकड़ी व कोयले का प्रयोग कर अलाव जला रहे हैं।

### तहसील प्रशासन फिर बना मूकदर्शक ... प्रधान ने जलवाया ग्राम सभा में अलाव



**मेजा रोड।** हफ्तेभर से पड़ रही कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए एक बार फिर तहसील प्रशासन बौना साबित हुआ तो वहीं ग्राम प्रधान सोरांव-पांती ने लोगों को ठंड से बचाने के लिए अलाव जलवाए। मंगलवार को पारा अचानक लुढ़क-कर 8 सेल्सियस पहुंचने पर ग्राम प्रधान सोरांव-पांती राजेश द्विवेदी ने ग्राम सभा में लगभग आधा दर्जन स्थानों पर अलाव जलवाया। इससे पहले भी प्रधान द्वारा अलाव जलवाया गया था। मजे की बात तो यह है कि पूर्व की भांति एक बार फिर कड़ाके की ठंड से लोगों की जान-माल की हिफाजत करने के बजाय तहसील प्रशासन बौना साबित हुआ,जो लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत, परिजनों में मचा रहा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**डेरी तिराहे के समीप बीती रात हुई घटना, अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर , डिवाइडर से टकराये बाइक सवार**

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित डेरी तिराहे के समीप बीती रात सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। जबकि एक घायल हो गया। जिससे मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा रहा। जानकारी के मुताबिक औद्योगिक क्षेत्र के महुआरी गांव निवासी मदन सिंह बिजली विभाग में संविदा पर तैनात हैं। इनके तीन पुत्रों में सबसे बड़ा बेटा समीर सिंह ?(20) सोमवार रात लगभग आठ बजे उक्त गांव के ही रहने वाले अपने मित्र अनीश सिंह (24) पुत्र अर्जुन सिंह के साथ आईटीआई कंपनी गेट के समीप पहुंचे और दोनों ने सब्जी की खरीददारी करने के बाद किसी कार्य हेतु डेरी तिराहे की ओर जा रहे थे। बताया जाता है कि अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों युवक सड़क के बीच में बने डिवाइडर से टकरा गए और गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। आनन-फानन में दोनों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां जांच पड़ताल के बाद डॉक्टरों ने समीर सिंह को मृत घोषित कर दिए। वहीं अनीस सिंह को गंभीर हालत में इलाज के लिए भर्ती कर लिया गया। मंगलवार शाम को इलाज के दौरान अनीस सिंह की भी मौत हो गई। जिससे मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा रहा। पुलिस जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।

## न्यूज झरोखा

### कसी नकेल, बिना बताए नहीं जाएंगे घर

**खंड विकास अधिकारी ने लापरवाही करने वालों को थमाई नोटिस**

**शंकरगढ़।** विकास कार्यों में रुचि नहीं लेने, ड्यूटी से गायब रहने, फोन करने पर फोन नहीं उठाने, फोन स्विच आफ रखने और मनमानी आने-जाने वाले सचिवों (ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी) पर नकेल कसने की तैयारी कर ली गई है। टीकाकरण कार्य में भारी लापरवाही सामने आने और मुख्य विकास अधिकारी से मिले निर्देश के बाद बीडीओ अमित कुमार मिश्रा ने सभी सचिवों को निर्देशित किया है कि वह (सचिव) बिना बताए मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। बीडीओ ने बताया कि अक्सर शिकायत मिलती है कि सचिव तैनाती स्थल से गायब पाए जाते हैं। ब्लाक मुख्यालय पर भी उपस्थिति शून्य रहती है। जब संबंधित के फोन पर काल की जाती है तो ज्यादातर मोबाइल भी स्विच आफ मिलता है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थितियों को देखते हुए सभी को नोटिस थमाई गई है, जिसमें हिदायत दी गई है कि वह मुख्यालय छोड? से पहले अधोहस्ताक्षरी (बीडीओ) को अवगत कराएंगे। अन्यथा की स्थिति में कठोरतम कार्यवाही की जाएगी।

### दिनदहाड़े सीएचसी रामनगर में डॉक्टर के कमरे में हुई चोरी



**मेजा रोड।** उरुवा ब्लाक के अंतर्गत सीएचसी रामनगर में डॉ दुष्यंत सिंह के रूम का दिनदहाड़े चोरों ने ताला तोड़कर घर के अंदर प्रवेश कर जरूरी सामान सहित सोने का अंगूठी चांदी का सामान ?15000 नगद चोरों ने किया चोरी दिनदहाड़े चोरी की सूचना पर हड़कंप मच गया। बगल में एक स्टाफ का भी रूम का ताला तोड़ने का प्रयास किया गया लेकिन असफल हुए चोर सूचना पर सिरसा चौकी प्रभारी हरीश चंद्र शर्मा मय फोर्स मौके पहुंचकर जांच में जुटे।

## रात आठ बजे तक लग रहा टीका...

# जनवरी माह तक पूरी तरह वैक्सीनेटेड हो जाएगा शंकरगढ़

अखंड भारत संदेश

**टारगेट फिक्स होते ही टीकाकरण अभियान ने पकड़ी रफ्तार**




शंकरगढ़ में टीकाकरण के दौरान केन्द्र पर कर्मचारी

**शंकरगढ़।** कोरोना की तीसरी लहर के मद्देनजर वैक्सीनेशन अभियान में तेजी आ गई है। टीकाकरण कार्य में लगी टीमों का लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। इसके अलावा टीमों को क्षेत्र में अधिक समय तक रहने के लिए गाइड किया गया है। टीका लगाने वाली टीमें अब सुबह आठ बजे से लेकर रात आठ बजे तक टीका लगाने का कार्य कर रही हैं। बीडीओ ने बताया कि अभी जिस रफ्तार से टीकाकरण किया जा रहा है, उस रफ्तार से जनवरी के अंत तक शंकरगढ़ पूर्ण रूप से वैक्सीनेटेड (प्रथम डोज) हो जाएगा।

खंड विकास अधिकारी शंकरगढ़ अमित कुमार मिश्र ने बताया कि वैक्सीनेशन का कार्य इस समय प्रत्येक गांवों में युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। शंकरगढ़ में कुल 76 ग्राम सभाएं हैं। इसके लिए 36 टीमें कार्य कर रही हैं। पहले इन टीमों को दस-दस ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी दी गई थी,लेकिन अब सभी को 15-15 ग्राम पंचायतों में लगाया गया है। टीकाकरण कार्य करने वाली टीमें शिफ्ट में कार्य कर रही हैं। बताया कि अब सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक गांवों में टीका लगाए जाने का कार्य किया जा रहा है। प्रत्येक टीम को रोजाना 300 टीके का लक्ष्य दिया जा रहा है। इसी वजह से 16 जनवरी को शंकरगढ़ ब्लाक टीकाकरण में पूरे जनपद में पहले स्थान पर रहा। जबकि ओवरआल की स्थिति में विकास खंड जसरा प्रथम और शंकरगढ़ दूसरे पायदान पर चल रहा है। बीडीओ ने बताया कि अब तक 70 फीसद टीका लगाया जा चुका है। अवशेष इस माह के आखिरी तक पूरा कर लिया जाएगा।तेजी से चलाए जा रहा टीकाकरण अभियान का बीडीओ ने निरीक्षण भी किया। बीडीओ ने क्षेत्र के अकौरिया, सतपुरा, सलैया खुर्द का निरीक्षण किया, जिसमें ग्राम पंचायत अधिकारियों (सचिव) की लापरवाही सामने आई है, जिनको नोटिस दी गई है।

# कोरोना काल में माता पिता खोने वाले बच्चों को निःशुल्क शिक्षा

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** वैश्विक महामारी कोरोना वायरस कोविड 19 से आहत माता पिता को खोने वाले बच्चों को रामनगर सहसों में स्थित सेंट जार्ज स्कूल निःशुल्क शिक्षा देने का निश्चय किया है। वो छात्र छात्राएं जिनके माता पिता कोरोना काल में गुजर गए ,ऐसे निराश्रित बच्चों को शिक्षा के साथ साथ कॉपी किताब आदि की व्यवस्था भी विद्यालय प्रबंधन की ओर से किया जाएगा। यह उक्त घोषणा विद्यालय के प्रबंधक शिवा कांत पांडेय ने की। उन्होंने कहा कि कोरोना जैसी प्राकृतिक आपदा से मानव जीवन में कई चुनौतियां आयी हैं, जिसके लिए हम सभी को एक दूसरे की सहायता करनी चाहिए। प्राकृतिक आपदा के शिकार उन माता पिता के बच्चों को समाज के मुख्य धारा में जोड़े रहने का दायित्व मानव समाज का है। क्षेत्र के गरीब, बेसहारा बच्चे जिनके माता पिता या अभिभावक नही हैं। जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, ऐसे बच्चों के लिए विद्यालय प्रबंधन हर संभव मदद करने का प्रयास करता रहेगा। इस वर्ष कोरोना काल में सेंट जार्ज स्कूल के प्रबंधक द्वारा शुल्क माफ करने की भी घोषणा की गई थी, जिसमें पिछले पूरे सत्र के साथ 2021-22 सत्र में माह अप्रैल से जून माह तक शुल्क माफ करने का निर्णय लेकर क्षेत्र के अभिभावकों के लिए राहत दी गयी थी। और अब कोरोना जैसी प्राकृतिक आपदा मे जिनके माता पिता या अभिभावक नही है, उनके बच्चो के लिए निःशुल्क शिक्षा व्यवस्था के साथ कॉपी किताब और अन्य सुविधाएं मुहैया कराने का निर्णय वास्तव में उन बेसहारा बच्चो के लिए वरदान साबित होगा । इस अवसर पर विद्यालय शिक्षकों में रश्मि पांडेय, निशा शर्मा, विधि पांडेय, दिव्या पांडेय, साइना बानो आदि लोग उपस्थित रहे।

# सीएचसी अधीक्षक को नशे में धुत बदमाशों ने पीटा, गाड़ी भी तोड़ी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** धूमनगंज के कालिंदीपुरम में सीएचसी अधीक्षक डॉ राम गोपाल वर्मा को नशे में धुत बदमाशों ने पीट दिया। टक्कर मारकर उनकी गाड़ी भी क्षतिग्रस्त कर दी। पुलिस ने भुक्तभोगी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। लेकिन अब तक बदमाशों का सुराग नहीं मिल सका है। डॉक्टर रामगोपाल मऊआइमा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक के पद पर तैनात हैं। वह मौजूदा समय में कालिंदीपुरम स्थित वसुधा विहार अपार्टमेंट में परिवार समेत रहते हैं।रोज की तरह रात 9:45 बजे के करीब वह घर लौट रहे थे। तभी अपार्टमेंट के पास ही सफेद रंग की वैगनआर कार ने उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी। उन्होंने विरोध किया तो उसमें सवार चार युवक बाहर निकल आए जो नशे में धुत थे। नीचे उतरते ही उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी। डॉक्टर ने विरोध किया तो उन्हें पीटने लगे। जिसमें वह चोटिल भी हुए। शोरगुल मचाने पर आसपास के लोग जुटे तो हमलावर भागने लगे। इस दौरान उन्होंने अपनी गाड़ी की नंबर प्लेट तोड़कर डिक्की में डाल ली। इसके बाद भुक्तभोगी डॉक्टर ने थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी। धूमनगंज इंस्पेक्टर अनूप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

# हर मनुष्य को भक्त ध्रुव की अटल भक्ति से लेनी चाहिए सीख...

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** इस नश्वर शरीर को कृतार्थ करने के लिए हर मनुष्य को सत्संग भक्ति और गुरु का सानिध्य ईश्वर में प्रगाढ़ता, विश्वास के साथ भक्ति में लीन होकर ही इस सांसारिक मोह बंधन से छुटकारा मिल सकता है। क्षेत्र के गुलालपुर गांव में वेदमणि तिवारी , प्राचार्य शिव प्रकाश तिवारी तथा डाइ प्रयाग दत्त तिवारी के संयोजन में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन सती प्रसंग चरित्र कथा का पहला चरित्र का सजीव वर्णन कथा व्यास अभयेश्वर प्रपन्नाचार्य जी द्वारा सुनकर श्रोतागण भाव विभोर हो गए। कथा व्यास ने कहा किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण के नहीं जाना चाहिए। जहां पर इष्टदेव या गुरु का सम्मान ना हो। उन्होंने सती चरित्र के प्रसंग को सुनाते हुए भगवान शिव की बात को नहीं मानने पर सती के पिता के घर जाने से अपमानित होने के कारण स्वयं को अग्नि में भष्म होना पड़ा। कथा में उत्तानपाद के वंश में ध्रुव चरित्र की कथा को सुनाते हुए कहा कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया। भक्त ध्रुव द्वारा तपस्या कर श्रीहरि को प्रसन्न करने की कथा को सुनाते हुए कहा कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है। ध्रुव जैसी अटल भक्ति से मानव जगत को सीख लेनी चाहिए। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि पाप के बाद कोई भी व्यक्ति नरकगामी हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायश्चित बताया है। अजामिल उपाख्यान के माध्यम से प्रह्लाद चरित्र के बारे में विस्तार से सुनाया और बताया कि भगवान नृसिंह रुप में लोहे के खंभे को फाड़कर प्रगट होना पड़ा है। भक्त प्रह्लाद को विश्वास था कि मेरे भगवान इस लोहे के खंभे में भी हैं। और उस विश्वास को पूर्ण करने के लिए भगवान उसी में से प्रकट हुए एवं हिरण्यकश्यप का वध कर प्रह्लाद के प्राणों की रक्षा की तथा समस्त मानव प्राणी में एक संदेश गया कि जो भी मनुष्य सच्ची लगन के साथ प्रभु की आराधना करता उसकी सहायता स्वयं नारायण प्रकट होकर करेंगे। कथा के विश्राम पर आवाहित देवताओं तथा व्यासपीठ की आरती उतारी गई। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। कथा श्रवण करने वालों में शिक्षक रमेश कुमार द्विवेदी, पुष्कर नाथ तिवारी, शिव मूर्ति तिवारी, विद्याधर तिवारी राधेश्याम, सुरेश नारायण, अवधेश नारायण, डाइ राम दत्त तिवारी, शिवदत्त तिवारी, डाइ आशुतोष तिवारी, प्रशांत तिवारी, हरिहरनाथ, सूर्य नारायण तिवारी, राम दत्त तिवारी, शिवमणि शास्त्री, महेश तिवारी सहित भारी संख्या में भक्त नर नारी उपस्थित रहे।

# सरकार बनने पर होगा प्रदेश का विकास : कृपाशंकर बिंद

**सपाइयों ने किया क्षेत्र का भ्रमण**



अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ कृपाशंकर बिंद के नेतृत्व में सपाइयों ने नगर पंचायत कोरांव में जनसंपर्क कर सपा के पक्ष में मतदान करने की अपील कियाइस मौके पर सपा नेता ने कहा कि आज देश और प्रदेश की जनता भाजपा के तानाशाही सरकार में त्राहि-त्राहि कर रही है किसान नौजवान छात्र और युवा समाजवादी सरकार बनाने के लिए आतुर है। इसी क्रम में सोमदत्त सिंह पटेल जिला पंचायत सदस्य एवम विधानसभा प्रभारी कोरांव ने अपने संबोधन में कहा की जिस तरह से किसान अपने अधिकार को पाने के लिए दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर है यह वर्तमान सरकार के लिए बहुत ही शर्मनाक है और वह दिन दूर नही जब प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी सरकार होगी जिसके बाद शोषित वंचितों और किसानों के हित के लिए हर वह योजनाएं चलाई जाएंगी जिससे उनका उत्थान हो। इस मौके पर प्रमुख रूप से ओमप्रकाश कुशवाहा विधानसभा अध्यक्ष राधेश्याम यादव मेहताब खान नगर पंचायत अध्यक्ष समाजवादी पार्टी पवन सिंघल विधानसभा महासचिव दीपक पटेल जिला सचिव लोहिया वाहिनी अजय सिंह पटेल विधानसभा अध्यक्ष शिक्षक सभा दीपू कुशवाहा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य यूनुस अली इमरान अली अर्जुन बिंद अतुल बिंद संतलाल बिंद यादवेंद्र अहीर विधानसभा उपाध्यक्ष राधेश्याम यादव विधानसभा उपाध्यक्ष समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सपा प्रत्याशी अजय भारती मुन्ना के द्वारा ही सम्भव है बारा विधानसभा का विकास

**बारा से अजय मुन्ना पर सपा लगा दी दांव**



**जारी।** प्रदेश के सियासी दलों में टिकट बंटवारे को लेकर मारामारी मची हुई है । चुनावी आचार संहिता लगने के बाद भाजपा , सपा और बसपा में टिकट वितरण को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही है । प्रत्याशियों के टिकट बंटवारे को लेकर हाल ही में समाजवादी की राष्ट्रीय की बैठक हुई । इस बैठक में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई प्रत्याशियों का टिकट फाइनल कर दिया गया है । इसी क्रम में पूर्वी उत्तर प्रदेश में टिकट बंटवारे को लेकर मंथन तेजी से किया जा रहा है । प्रबल संभावना जताई जा रही है कि प्रयागराज जिले के बारह विधानसभा के यमुनापार के बारा विधानसभा सपा के पूर्व प्रत्याशी अजय भारती मुन्ना भइया पर सपा दांव खेल सकती हैं । हालांकि बीते विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने अजय भारती मुन्ना भइया को टिकट दिया था । सूत्रों की माने तो 2017 में प्रदेश में योगी लहर होने की वजह से अजय मुन्ना शियसी जंग हार गए थे । क्षेत्रीय लोगो का कहना है कि अगर समाजवादी पार्टी ने बारा विधानसभा से अजय भारती मुन्ना भइया को बारा विधानसभा क्षेत्र के मैदान में नहीं उतारा तो सपा हमेशा के लिए बारा विधानसभा से सपा साफ हो जाएगी । बारा विधानसभा के सपा प्रत्याशी अजय भारती मुन्ना ने जानकारी देते हुए कहा कि बारा विधानसभा भुखमरी एवं बेरोजगारी के कगार पर आ गया है । अब बारा विधानसभा की जनता जाग चुकी है , अब उसे पूर्ण भरोसा एवं विश्वास हो गया है कि बारा विधानसभा का विकास कोई समाजवादी पार्टी का सक्रिय नेता ही कर सकता है।

## खबर संक्षेप

### जेल में बंद आनंद गिरि की जमानत अर्जी पर सुनवाई टली

**प्रयागराज।** अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रहे महंत नरेंद्र गिरि की मौत के मामले में जेल में बंद आनंद गिरि की जमानत अर्जी पर मंगलवार को भी सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट ने इसे आगे सुनवाई के लिए टाल दिया है।दरअसल, मंगलवार को वर्चुअली सुनवाई के दौरान कनेक्टिविटी न हो पाने की वजह से पैरवी के लिए अधिवक्ता वर्चुअली जुड़ नहीं सके। इसकी वजह से कोर्ट ने इसे आगे की तिथि पर सुनवाई के लिए टाल दिया।अखाड़ा परिषद के पूर्व अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि की मौत के मामले में जेल में बंद आनंद गिरि की जमानत अर्जी पर मंगलवार को सुनवाई होनी थी। आनंद गिरि ने हाईकोर्ट में अपनी जमानत के लिए अर्जी दाखिल की थी। मामले में सीबीआई की ओर से चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है।पिछली बार की सुनवाई में सीबीआई की ओर से दाखिल हलफनामे की फाइल कोर्ट के सामने प्रस्तुत ना हो पाने की वजह से इसे 18 जनवरी को सुनवाई के लिए कोर्ट ने निर्धारित तिथि तय कर दी गई थी।आनंद गिरि ने इसके पहले अपनी जमानत के लिए विशेष कोर्ट के सम्मुख अर्जी दी थी, लेकिन कोर्ट ने उसे खारिज कर दिया था। उसके बाद आनंद गिरि यहां इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपनी जमानत के लिए अर्जी दाखिल की है।

# डीएम ने पोलिंग बूथों का किया निरीक्षण

### सभी पोलिंग बूथों पर मूलभूत सुविधाएं रहे सुनिश्चित,अभियान चलाकर लोगो को मतदान करने के प्रति करें जागरूक

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार खत्री ने विधान सभा सामान्य निर्वाचन-2022 के दृष्टिगत मंगलवार को पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम प्राथमिक विद्यालय मलाक हरहर प्रथम कौड़िहार में मूलभूत सुविधाओं बिजली, पानी, शौचालय एवं कक्षों का निरीक्षण किया तथा वहां पर उपस्थित बीएलओ से बात भी किया और वहां कहां कि मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर प्रत्येक लोगो के घर जाकर मतदान करने के लिए जागरूक किया जाये। इसी क्रम में उन्होंने प्राथमिक विद्यालय हथिगहा में मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ सुरक्षा का भी जायजा लिया तथा अपर नगर मजिस्टेट तृतीय को निर्देशित किया कि अवैध शराब पर कार्यवाही के साथ-साथ संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जाये। तत्पश्चात सरस्वती देवी, परमानन्द सिन्हा इण्टर कालेज पहुंचे, वहां पर भी उन्होंने पानी, शौचालय, बिजली आदि का निरीक्षण किया तथा जो भी कमिया है, उसे तत्काल दुरूस्त किये जाने के निर्देश दिये। बी0एल0ओ0 से वार्ता कर कहा कि मतदान करने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगो को जागरूक करें तथा घर-घर जाकर लोगो से सम्पर्क करें। इस अवसर पर उप निर्वाचन अधिकारी/एडीएम प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय, अपर नगर मजिस्टेट तृतीय युवराज सिंह सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



पोलिंग बूथों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

# दलदल में लगा कल्पवासियों का शिविर लगातार हो रहा मेला क्षेत्र में कटान

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अबकी माघ मेला में मुसीबतों का डेरा हो गया है। हालत यह है कि मेला शुरू होने पर भी संगम क्षेत्र में तमाम कल्पवासियों को मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है। कुछ शिविरों में न तो पानी का प्रबंध है और ही बिजली का। गंगा स्नान के बाद कल्पवासियों को भजन तथा कीर्तन में समय बिताना चाहिए लेकिन वह अभी बिजली विभाग और नलकूप विभाग के चक्कर काट रहे हैं। मेले के सेक्टर चार और पांच में कई स्थानों पर चकर्ड प्लेट भी नहीं डाली गई है। कीचड़ और दलदली जमीन के कारण यहां पर पैदल चलना भी कठिन है। प्रतापगढ़ के रोशन सिंह, मिजार्पुर के मेवा लाल पटेल, कौशांबी के चंद्रदेव सिंह और सुल्तानपुर के राम सजीवन यादव पिछले कई वर्ष से कल्पवास कर रहे है। यह लोग रविवार को कल्पवास करने आए। बताया कि हमेशा कल्पवास के पहले बिजली, पानी और सड़क का इंतजाम रहता था। लेकिन इस बार शिविर के कुछ स्थानों पर ही पानी की पाइप लाइन लगाई गई है। बिजली का भी इंतजाम ठीक नहीं है। जहां शिविर लगाने को मिला है वहां पर दलदल है। मेला के दौरान बड़ी संख्या में लोग शिविर में आते हैं । इसी तरह से अव्यवस्था रहेगी तो कैसे लोग भजन कीर्तन करेंगे समझ से परे है।



कटान के दौरान बंधा बनाते कर्मचारी

### लगातार हो रहा मेला क्षेत्र में कटान

माघ मेला क्षेत्र में लगातार कटान हो रहा है। सिंचाई विभाग कटान रोकने में फेल हो रहा है। महावीर पुल से लेकर संगम नोज तक मंगलवार को कटान तेजी से होता रहा। झूंसी की ओर सिंचाई विभाग बालू से मेड़ बांध कर कटान रोकने का इंतजाम किया था। त्रिवेणी और महावीर पुल के बीच में स्नान घाट भी कटान की चपेट में रहा।

# गुमशुदा हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष की मौत

### थाने पहुंचे बेटे ने की पहचान, अज्ञात में हो चुका है अंतिम संस्कार, 5 जनवरी को गुमशुदगी की रिपोर्ट थी दर्ज

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंगला प्रसाद तिवारी (60) की 8 दिसंबर को कचहरी के बाहर हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। पुलिस ने अज्ञात में शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया था। पहचान नहीं होने पर पुलिस की ओर से उनका अंतिम संस्कार भी करा दिया गया था। आज कर्नलगंज थाने में परिजनों ने उनके कपड़े व फोटो के आधार पर पहचान की। वहीं परिजनों सहित पहुंचे वकीलों के बीच तीखी-बहस भी हुई थी। उल्लेखनीय है कि 5 जनवरी को कर्नलगंज में उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट परिजनों की ओर से दर्ज करायी गई थी।

### छोटा बघाड़ा में किराए के मकान में थे

जौनपुर जिले के बक्शा थानांतर्गत अगरौरा के रहने वाले मंगला प्रसाद तिवारी कर्नलगंज के छोटा बघाड़ा में किराए के मकान में अकेले रहते हैं। उनका परिवार गांव में रहता है। तीन जनवरी को उनका पुत्र मनोज उनसे मिलने आया तो दरवाजा में ताला लगा था। फोन मिलाया तो वह भी बंद था। ताला तोड़कर वह कमरे में गया तो मोबाइल बिस्तर पर बंद पड़ा था। इसकी सूचना उसने अपने स्वजनों और नाते-रिश्तेदारों को दी। इसके बाद सभी संभावित स्थानों पर उनकी तलाशी की गई। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कुछ पता नहीं चला। इसके बाद मनोज ने थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।



मृतक की फाइल फोटो

### परिजनों से आखिरी बार 3 दिसंबर को हुई थी बात

मंगला प्रसाद तिवारी अपनी पत्नी व बच्चों के साथ छोटा बघाड़ा में किराए के मकान में रहते थे। इधर दो महीनों से उनका परिवार जौनपुर अपने गांव गया हुआ था। कॉल डिटेल खंगालने पर पता चला कि उनकी आखिरी बार 3 दिसंबर को बात हुई थी। इसके बाद कोई बात नहीं हुई।

# गोहरी हत्याकांड मामले में सरकार से जवाब तलब : हाई कोर्ट

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** गोहरी हत्याकांड के मामले में सीबीआई जांच की मांग को लेकर दाखिल याचिका में मंगलवार को सरकार ने कोर्ट ने बताया कि उसने जांच के लिए एसआईटी का गठन कर दिया है, लेकिन याची की ओर से इस पर असन्तुष्टि जताई और सीबीआई की मांग दोहराई गई। इस पर कोर्ट ने सरकार से हलफनामे पर जवाब दाखिल करने को कहा है।

यह आदेश न्यायमूर्ति सुनीत कुमार और न्यायमूर्ति विक्रम डी चौहान की खंडपीठ ने लालचंद की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। इसके पहले कोर्ट के सामने एक पक्ष के अधिवक्ता सुधीर दीक्षित की ओर से पूरक हलफनामा प्रस्तुत किया गया। कोर्ट ने मामले को रिकॉर्ड पर लेते हुए सरकार से मामले में जानकारी मांगी।सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि मामले में जांच के लिए एसआईटी का गठन कर दिया है, लेकिन याची पक्ष की ओर गलत बताया गया। कहा गया कि मामले में अभी ऐसा कुछ नहीं हुआ है। इसीलिए अभी तक कोई ठोस करवाई नहीं नजर नहीं आ रही है। इस पर कोर्ट ने सरकार से मामले में हलफनामे पर जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले की सुनवाई दो फरवरी को होगी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत अमिलों विकास खण्ड करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत अमिलों विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 03–01–2022 से दिनांक 07–01–2022 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत अमिलों में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 10–01–2022 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 10–01–2022 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | पूर्व माध्यमिक विद्यालय में दिव्यांग शौचालय कार्य | 1.62 लाख | 1 माह |
| 2. | पूर्व माध्यमिक विद्यालय में इण्टरलाकिंग कार्य | 2.49 लाख | 1 माह |
| 3. | रंजना देवी का पशु शेड | 1.16 लाख | 1 माह |
| 4. | रन्नो देवी का पशु शेड | 1.16 लाख | 1 माह |
| 5. | पक्की नाली 249 केसी नलकूप से शिव बहादुर के खेत तक कार्य (250 मी.) | 4.66 लाख | 1 माह |

अम्बाला तिवारी<br>ग्राम प्रधान<br>ग्राम पंचायत अमिलों<br>वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी/ टेण्डर/कोटेशन/2021-22/ दिनांक

शिव ओम चौधरी<br>ग्राम पंचायत विकास अधिकारी<br>ग्राम पंचायत अमिलों<br>वि0 ख0 करछना प्रयागराज


# बीमारी न बन जाये मजबूरी इसलिए वैक्सीन है जरूरी : लहरी भइया

### फाइनल मैचे में न्यू स्टार माण्डा खास ने प्लेइंग इलेवन को 80 रनों से हराया

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** बीमारी न बन जाये मजबूरी इसलिए वैक्सीन टीका है जरूरी उक्त उद्गार मिजार्पुर एवं प्रयागराज जनपद के लोकप्रिय समाजसेवी श्यामकानत शुक्ला उर्फ लहरी भैया ने चितौली गॉव में आयोजित मिजार्पुर क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैचे में न्यू स्टार माण्डा खास एवं प्लेंइग इलेवन पटेहरा के बीच खेले गये रोमाचंक मैचे के दौरान खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। उल्लेखनीय है कि चितौली, भजनपुर, जिगना, मिजार्पुर क्रिकेट टुनामेंट के फाइनल मैच में न्यू स्टार माण्डा खास ने प्लेंइग इलेवन पटेहरा की टीम को रोमांचक मैचे के दौरान 80 रनों से हराकर ट्राफी अपने नाम कर लिया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि लहरी भैया उर्फ श्यामकान्त शुक्ला ने विजेता टीम को पुरस्कृत करते हुए ट्राफी प्रदान किया और अपने सम्बोधन में का कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए इतना हीं नहीं श्री शुक्ला ने कोरोना गाइडलाइन पर विस्तार से टिप्पणी करते हुए कहा कि बीमारी न बन जाये मजबूरी इसलिए उपस्थिति लोगें वैक्सीन लगवाना है जरूरी। इस मौके पर छानबे क्षेत्र के विधायक राहुल प्रकाश और भाजपा के उपाध्यक्ष स्वामीनाथ सिंह के अलावा कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहें।



विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं ट्राफी देते लहरी भैया

### दो लाख सीसीटीवी कैमरों से होगी बोर्ड परीक्षा की निगरानी

**प्रयागराज।** विधानसभा चुनाव के बाद मार्च अंत में प्रस्तावित यूपी बोर्ड की हाईस्कूल-इंटरमीडिएट परीक्षा 2022 में नकल पर रोक लगाने के लिए दो लाख से अधिक सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। बोर्ड की ओर से 8266 केंद्रों पर परीक्षा प्रस्तावित है। वैसे तो केंद्रों की अंतिम सूची 10 फरवरी को जारी होगी लेकिन बोर्ड ने नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी है।परीक्षा केंद्रों में उपलब्ध आवश्यक संसाधनों का ब्योरा जुटाया जा रहा है। 95 हजार से अधिक कमरों और परिसर में दो लाख से अधिक सीसीटीवी कैमरे स्थापित हैं। आवश्यकता पड़ने पर कैमरों की संख्या और बढ़ाई जा सकती है। इसके अलावा परीक्षा कक्षा में चल रही गतिविधि की निगरानी के लिए कैमरों में वायस रिकॉर्डर भी लगवाए गए हैं ताकि बोल-बोल कर नकल न होने पाए।सीसीटीवी कैमरों की मदद से परीक्षा कक्ष की गतिविधियों की वेबकास्टिंग भी कराएंगे ताकि जिला स्तर पर जिला विद्यालय निरीक्षक और लखनऊ शिक्षा निदेशालय में बने कंट्रोल रूम में बैठे अधिकारी भी नजर रख सकें। परीक्षार्थियों को उत्तर पुस्तिका के प्रत्येक पन्ने पर अपनी राइटिंग में कॉपी का क्रमांक और अपना अनुक्रमांक लिखना होगा। 2022 की बोर्ड परीक्षा के लिए 10वीं में 27,83,742 और 12वीं में 23,91,841 कुल 51,74,583 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत करमा विकास खण्ड कौंधियारा, प्रयागराज

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2021–22 में ग्राम पंचायत करमा, विकास खण्ड–कौंधियारा में कराये जाने वाले कार्यों मनरेगा, राज्य वित्त, 15वां वित्त, हैण्डपम्प मरम्मत व रीवोर, नाली, खडंजा निर्माण व मरम्मत शौचालय निर्माण प्रयुक्त होने वाली सामग्री के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। विकास खण्ड की पंजीकृत फर्में 02–01–2022 से 06–01–2022 तक आवेदन कर सकती है। निविदा दिनांक 10–01–2022 को 12 बजे दिन को ग्राम पंचायत में खोली जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | हैदर के घर से चाँद बाबू के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य, 110 मी. (15वां वित्त) | 4.34 लाख | 1 माह |
| 2. | हैदर के घर से चाँद बाबू के घर तक नाली निर्माण कार्य दोनो तरफ,110 मी. (15वां वित्त) | 2.77 लाख | 1 माह |
| 3. | सरोज के घर से कमरूद्दीन के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य, 110 मी. (15वां वित्त) | 4.34 लाख | 1 माह |
| 4. | सरोज के घर से कमरूद्दीन के घर तक नाली निर्माण कार्य दोनो तरफ, 110 मी. (15वां वित्त) | 1.62 लाख | 1 माह |
| 5. | मुन्ना गुप्ता के घर से राकेश जायसवाल के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य, 350 मी. (मनरेगा से) | 12.0 लाख | 1 माह |
| 6. | महताब के घर से छीतूपुर माइनर तक नाली निर्माण कार्य ल. 265 मी. (मनरेगा से) | 5.54 लाख | 1 माह |
| 7. | साधन सहकारी संघ के शौचालय एवं प्रांगण में इण्टरलाकिं एवं रंगाई पुताई कार्य (15वां वित्त) | 2.50 लाख | 1 माह |

मिथिलेश जायसवाल<br>(ग्राम प्रधान)<br>ग्राम पंचायत करमा<br>वि. ख. कौंधियारा, प्रयागराज।

नील कृष्ण प्रजापति<br>(ग्राम विकास अधिकारी)<br>ग्राम पंचायत करमा<br>वि. ख. कौंधियारा, प्रयागराज।

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत / टेण्डर/कोटेशन/2021-22/दिनांक


### आवेदन के बाद संशोधन का मौका देगा एसएससी

**प्रयागराज।** कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) भी अंतिम रूप से आवेदन जमा करने के बाद अभ्यर्थियों को संशोधन का मौका देगा। मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक राहुल सचान ने बताया कि आयोग अब तक अंतिम रूप से आवेदन करने के बाद संशोधन का कोई मौका नहीं देता था। लेकिन अभ्यर्थियों की ओर से संशोधन की अनुमति दिए जाने संबंधी अनुरोध पत्र प्राप्त हो रहे थे। अभ्यर्थियों की मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए आयोग ने संशोधन का मौका देने का निर्णय लिया है। यह व्यवस्था वर्तमान में कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल एग्जाम 2021 से ही लागू की जा रही जिसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 23 जनवरी है। संशोधन के लिए अभ्यर्थी 28 जनवरी से एक फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पहली बार संशोधन के लिए अभ्यर्थी को 200 रुपये और दूसरी बार संशोधन के लिए 500 रुपये आयोग को देने होंगे। संशोधन की फीस सभी वर्ग पर समान रूप से लागू होगी।

# एआईएमआईएम ने इलाहाबाद शहर पश्चिमी से अतीक की पत्नी को बनाया उम्मीदवार

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** गुजरात की साबरमती जेल में बंद माफिया अतीक अहमद ने सीखचों के पीछे से चुनावी गोट बिछानी शुरू कर दी है। अब अतीक की बीवी शाइस्ता परवीन चुनाव मैदान में उतरेंगी। शाइस्ता का नाम उनके शौहर अतीक का गढ़ माने जाने वाली सीट शहर पश्चिम से सामने आया है। इस सीट से मौजूदा समय योगी आदित्यनाथ सरकार के प्रवक्ता और कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह विधायक हैं।

ऐसे में कहा जा रहा है कि अगर शाइस्ता इस सीट से आती हैं तो विपक्ष का मुस्लिम ध्रुवीकरण का दांव उलट भी सकता है। शहर पश्चिम सीट से शाइस्ता के नाम पर मुहर लग चुकी है। पार्टी नेतृत्व के फैसले के बाद एआईएमएआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने जो दूसरी सूची तैयार की है उसमें शाइस्ता का नाम है।पार्टी के मंडल प्रवक्ता अफसर महमूद ने इसी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि पार्टी ने यूपी की दूसरी सूची जल्द जारी होगी, जिसमें शहर पश्चिम सीट से शाइस्ता परवीन के नाम का एलान होगा। कहा जा रहा है कि सपा के एक शीर्ष नेता के हस्तक्षेप के बावजूद ओवैसी ने प्रयागराज की शहर पश्चिम से उम्मीदवार उतारने का फैसला कर लिया है।ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन को भरोसा है कि शहर पश्चिम की इस सीट से अतीक की बीवी शाइस्ता परवीन पर दांव लगाकर वह अपना खाता खोल सकती है। इसलिए कि शहर पश्चिम विधानसभा सीट से अतीक पांच बार विधायक रह चुका है। इसी सीट से एक बार उसका भाई अशरफ भी विधायक रहा है। इसके बाद यह सीट अतीक के हाथ से निकल गई थी। फिर 2007 में बसपा के टिकट पर राजू पाल और उसकी हत्या के बाद हुए उप चुनाव में उसकी बीवी पूजा पाल भी बसपा के ही टिकट पर विधायक चुनी गईं।

### संगमनगरी की छह सीटों पर विपक्ष की राह का कांटा बनेगी एआईएमआईएम की चुनावी बिसात

एआईएमआईएम की चुनावी बिसात प्रयागराज की शहर पश्चिम समेत कई सीटों पर विपक्ष के लिए भारी पड़ सकती है। जिले की 12 में से छह सीटों पर पार्टी अपने उम्मीदवार उतारेगी। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ने शहर दक्षिणी सीट से अपने जिलाध्यक्ष शाह आलम का भी नाम तय कर दिया है। इसके अलावा प्रतापपुर, सोरांव, फाफामऊ और फूलपुर से भी पार्टी प्रत्याशियों का एलान करने जा रही है।



# शहर में घर-घर वैक्सीन लगाने का शुरू हुआ अभियान

## नगर के पांच वार्डों में नगर पालिका ने की शुरूआत

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शासन-प्रशासन के निर्देश पर नगर पालिका ने आज से शहर के वार्डों में घर-घर जाकर वैक्सीनेशन करने का अभियान की शुरूआत कर दी है। नगर के पांच वार्डों धर्मशाला वार्ड, भैरोपुर वार्ड, पड़ाव वार्ड, बेगम वार्ड व घोसियाना वार्ड में घर-घर जाकर कोरोना का टीका लगाने का कार्य आज शुरू किया गया।

यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह व सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल के आदेश मिलते ही नगर पालिका ने मंगलवार को पांच टीमें बनाकर पांचों वार्डों में भेज दिया। प्रातः दस बजे से लेकर शाम पांच बजे तक वार्डों में घर-घर जाकर नगर पालिका के कर्मचारी व स्वास्थ्य कर्मी वैक्सीनेशन कर रहे थे। नगर पालिका की टीम में सफाई नायक थे तो स्वास्थ्य विभाग की ओर से वैक्सीनेशन करने वाली नर्स घर-घर पहुंचकर दरवाजा खटखटाकर लोगों से पूछा जा रहा था कि 15 वर्ष से 18 वर्ष की आयु में कोई हो या किसी का दूसरा टीका न लगा हो, वह तुरंत वैक्सीन लगवा सकता है। इसमें युवकों ने उत्साह से भाग लिया। नगर पालिका को आशा है कि एक सप्ताह के भीतर सभी वार्डों के लोग शत-प्रतिशत वैक्सीनेट हो जाएंगे। नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह ने सभी नागरिकों से इस राष्ट्रीय अभियान में सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन का ही असर है कि तीसरी लहर कमजोर साबित हुई है। वैसे नगर पालिका का दावा है कि नगर पालिका के अभियान में शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन नगर में हो जाएगा।



घर में टीकाकरण करती स्वास्थ्य विभाग कर्मी।

## विवाहिता की मौत के मामले मे पति समेत चार ससुरालीजनों पर गंभीर धाराओं मे केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के कमौरा मे विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों मे हुई मौत के मामले मे पति समेत चार के खिलाफ गंभीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया गया है। जेठवारा थाना क्षेत्र के फूलपुर निवासी महेन्द्र यादव ने लालगंज कोतवाली मे तहरीर देकर कहा है कि कमौरा मे उसकी बहन को दहेज के लिए ससुरालीजनों ने बीती तेरह जनवरी को जमकर मारापीटा। आरोप है कि विवाहिता को मारकर उसका शव कुएं मे फेंक दिया गया था। भाई की शिकायत पर आरोपी पति आनंद यादव, सास शांती देवी, देवर अनूप व ननद शिल्पी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। बतादें कि बीती तेरह जनवरी को संदिग्ध परिस्थिति मे विवाहिता का शव कुएं मे बरामद हुआ था। ससुरालीजनों का कहना था कि पति से लडाई झगड़ा कर विवाहिता रीता ने आत्महत्या की थी। लालगंज कोतवाल कमलेश पाल ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जांच के बाद ही आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# जिले के प्रिन्टिग प्रेस/मुद्रक प्रकाशक के साथ एडीएम ने की बैठक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 के दृष्टिगत जनपद के प्रिन्टिग प्रेस/मुद्रक प्रकाशक के साथ कोषागार कार्यालय में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सुनील कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में बैठक की गयी जिसमें आर0के0 प्रिन्टर्स, जगवन्ती प्रेस, विद्या प्रिन्टर्स व अन्य प्रिन्टिग प्रेस के प्रतिनिधियों उपस्थित रहे।

बैठक में अपर जिलाधिकारी ने प्रिन्टिग प्रेस/मुद्रक प्रकाशक को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 (क) तथा 127 (ख) की अपेक्षाओं की तरफ उनका ध्यान दिलाते हुये विशेष रूप से निर्देशित किया कि किसी भी निर्वाचन पम्पलेट या पोस्टर तथा प्रकाशक द्वारा मुद्रित ऐसी अन्य सामग्री पर मुद्रक तथा प्रकाशक के नाम व पता का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जायेगा तथा मुद्रण सामग्री मुद्रित होने के तीन दिनों के अन्दर मुद्रित प्रतियां (प्रत्येक मुद्रित सामग्री की तीन अतिरिक्त प्रतियों सहित) निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप परिशिष्ट क व परिशिष्ट ख पर कोषागार कार्यालय को प्रेषित किया जाए तथा प्रकाशक से घोषणा प्राप्त कर उसे भी कोषागार को प्रेषित किये जाने हेतु उत्तरदायी होंगे। उधर वरिष्ठ कोषाधिकारी ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 में चुनाव लडने वाले जनपद के समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया है कि निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार चुनाव प्रचार हेतु सम्भावित सामग्रियों की दरों के निर्धारण हेतु जिला स्तरीय समिति गठित की गयी थी। गठित समिति द्वारा प्रचलित बाजार दरों/सम्भावित संस्थाओं के आधार पर मद्वार दरों का निर्धारण कर दिया गया है तथा उक्त को जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतापगढ़ द्वारा अधिसूचित कर दिया गया है। अगर किसी अभ्यर्थी को सूची की आवश्यकता होती है तो वो कोषागार से प्राप्त कर सकता है। सूची में किसी मद का उल्लेख न होने पर वास्तविक व्यय अथवा प्रचलित बाजार दर अथवा समान गुण वाली अन्य वस्तु की दर के आधार पर आगणन किया जायेगा।

## पट्टी से उम्मीदवारी के लिये अम्बिकेश ने किया आवेदन

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पंचायत चुनाव से सियासत का ककहरा सीख चुके पट्टी तहसील के अम्बिकेश तिवारी अब समाजवादी पार्टी का दामन थाम चुके हैं। 249 विधानसभा पट्टी से वे उम्मीदवारी के लिये एडी चोटी का जोर लगा रहे हैं। उन्होंने बताया कि समाजवादी पार्टी में एक प्रत्याशी के रूप में हमने भी आवेदन किया है। अगर पार्टी में मौका देती है तो निश्चित रूप से पट्टी विधानसभा बेहतर कार्य करूंगा। पट्टी विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य शिक्षा तथा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए बेहतर कार्य करूंगा। उन्होंने बताया कि मेरा परिवार पंचायत चुनाव से आगे बढ़ा है।

## लापता मासूम का नहीं लगा सुराग, अनहोनी की आशंका

अखंड भारत संदेश

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** सातवीं में पढ़ने वाला तेरह साल का मासूम खुशहाल दुबे एक हफ्ते से लापता है और किसी अनहोनी की आशंका से परिजनों की जान हलक में अटकी है लेकिन संवेदनहीन बनी मान्धाता पुलिस के कानों पर जूं नहीं रेंग रही है। खुशहाल को ढूढने की बात तो दूर, परिजनों की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज करना भी आवश्यक नहीं समझ रही है। इस तरह के गम्भीर मामलों में भी पुलिस की उदासीनता, इनकी कार्यशैली पर सवाल उठाता है। मान्धाता थाना क्षेत्र के मदईपुर गांव के निवासी सुनील दुबे का मात्र 13 वर्षीय पुत्र तेरह जनवरी की दोपहर अपनी स्कूल साइकिल से खेलने के लिए घर से निकला तो देर शाम तक वापस नहीं लौटा। चिंतित परिजन सभी संभावित ठिकानों पर दस्तक देते रहे लेकिन खुशहाल उर्फ अनुराग दुबे का कहीं सुराग नहीं लग सका। मासूम बेटे के अचानक लापता होने से परेशान मां के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। इधर मान्धाता पुलिस घटना को लेकर संवेदनहीन बनी हुई है। परिजनों ने घटना को लेकर अनहोनी की आशंका भी जाहिर किया और पुलिस से बेटे को ढूढने में सहयोग करने की मिन्नत भी किया, लेकिन घटना के एक हफ्ते बाद भी पुलिस हरकत में नहीं आयी, जिससे परिजनों में गहरा आक्रोश है।



मासूम खुशहाल दुबे
(फाइल फोटो)

# गोकशी करने वाले तीन अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## 85 किग्रा प्रतिबंधित गोमांस व उपकरण बरामद, चोरी की मोटरसाइकिल व तमंचा के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़/पट्टी।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध/अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना कन्धई से व0उ0नि0 जिलेदार पाल मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थानाक्षेत्र के बेनीपुर में स्थित एक बाग से गोकशी कर रहे तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर मौके से 85 किग्रा गोमांस, एक लकड़ी का गुटका, दो अदद चापड़, दो अदद चाकू, नायलान की रस्सी बरामद किया गया तथा चार व्यक्ति मौके से फरार हो गये।

इस सम्बन्ध में अभियुक्तों के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 19/22 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। मौके से फरार अभियुक्तों को चिन्हित कर लिया गया है, जिनकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों में अनीस पुत्र नजीर नि0 रामपुर कुर्मियान थाना कन्धई, मुन्ने उर्फ नियाज पुत्र जमालुद्दीन नि0 पूरे बेनीराम थाना कन्धई, खलीलूद्दीन पुत्र जान मोहम्मद नि0 गुतौली थाना कन्धई शामिल रहे। पुलिस टीम में व0उ0नि0 जिलेदार पाल मय हमराह थाना कन्धई शामिल रहे। उधर थाना कन्धई से उ0नि0 रमेश सिंह मय हमराह द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर चेकिंग के दौरान थानाक्षेत्र के ताला मोड़ के पास से दो व्यक्तियों शिवम मिश्रा पुत्र रमेश मिश्रा नि0 सराय शेरखां, जामताली थाना रानीगंज व जहांगीर पुत्र मो0 अकरम नि0 शैफखानपुर थाना फूलपुर जनपद प्रयागराज को चोरी की एक अदद पल्सर मोटर साइकिल नं0 यूपी 72 एसी 0209, एक अदद तमन्चा 315 बोर, एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व तीन अदद देशी बम के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनो अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि उक्त मोटर साइकिल को हम लोगों ने बीती रात्रि में प्रतापगढ़ शहर क्षेत्र से चोरी किये थे, जिसे हम लोग बेंचने जा रहे थे कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिये गये।



पुलिस की गिरफ्त में गोकशी करने वाले अभियुक्तगण।

## आठ देसी बंम तमंचा कारतूस के साथ दो युवक गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र में आचार संहिता लगने के बाद पुलिस ने बाजार व कस्बों में लगातार चेकिंग व अपराधी प्रवृति के लोगों पर शिकंजा कशती नजर आ रही थाना क्षेत्र के एसआई देवेंद्र कुमार सिंह कांस्टेबल सुमित सिंह कांस्टेबल माधवेश के साथ मंगलवार की भोर में अमापुर बाजार में मौजूद थे की मुखबिर ने सूचना दिया की दाऊद पुर चादा संपर्क मार्ग पर पुलिस बैरियर के पास दो युवक किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में खड़े हैं मौके पर पहुंची पुलिस को देख कर दोनों युवक भागने लगे पुलिस ने दोनों युवकों को दौड़ा कर पकड़ लिया तलाशी लेने पर दोनों युवकों के पास से आठ देशी बंम एक तमंचा एक जिंदा कारतूस पुलिस ने बरामद किया पकड़े गए युवक रवि कुमार पुत्र रमेश कुमार निवासी तरदहा थाना पट्टी आशीष कुमार पुत्र दूध नाथ निवासी कंसा पट्टी थाना कोतवाली पट्टी गिरफ्तार दोनों युवकों के ऊपर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

## अवैध गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में आगामी विधानसभा चुनाव, 2022 को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने व अपराध नियन्त्रण के दृष्टिगत जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध/अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना अन्तू से उ0नि0 शुभनाथ शाहनी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के तिवारीपुर रामनगर अठगवां, प्राथमिक विद्याल? के पास से एक व्यक्ति त्रिलोकीनाथ तिवारी उर्फ झब्बर तिवारी पुत्र राममिलन तिवारी नि0 तिवारीपुर रामनगर अठगवां थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ को एक किलो 500 ग्राम अवैध गांजा व अवैध गांजा बिक्री के 2270 रू0 के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना अन्तू पर मु0अ0सं0 20/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## शार्ट सर्किट से ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के भंगवा चुंगी स्थित एसबीआई बैंक कृषि शाखा के सामने शार्ट सर्किट से ट्रांसफार्मर में भीषण आग लगे गई। इससे अफरा-तफरी मच गई। ट्रांसफार्मर से धू-धू करके लपटें उठ रही थी। उठतीं लपटों को देखकर राहगीर व दुकानदार में भगदड़ मच गई। घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। जब फायर ब्रिगेड पहुंचा तो आग की लपटें ऊपर उठ रही थी। फिलहाल फायर ब्रिगेड ने आग पर थोड़ी देर में काबू पा लिया। इस दौरान भंगवा चुंगी चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र सिंह भी मौके पर डटे रहे।

## अज्ञात आरोपियों पर गुमटी फूंकने का आरोप

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के रामपुर बावली निवासी राजू चैरसिया ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि पुरानी बाजार मे स्थित उसकी गुमटी को अज्ञात लोगों ने बीती सत्रह जनवरी को आग के हवाले कर दिया। इससे पहले बीती बारह दिसंबर को भी गुमटी के ऊपर रखा छप्पर भी अज्ञात लोगों द्वारा आग के हवाले कर दिया गया। सोमवार की रात हुई आगजनी की घटना मे उसका पन्द्रह हजार रुपए का सामान जलकर राख हो गया। कोतवाल कमलेश पाल ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## गश्त के दौरान पुलिस ने देशी बम के साथ आरोपी को दबोचा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गश्त के दौरान पुलिस ने एक आरोपी को पांच देशी बम के साथ गिरफ्तार किया है। लालगंज कोतवाल कमलेश पाल के निर्देश पर उप निरीक्षक जयकिशुन मंगलवार की सुबह छह बजे धारूपुर इलाके में गश्त पर निकले थे। इस दौरान पुलिस को धारूपुर स्थित रानी नीलिमा सिंह महाविद्यालय के समीप एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। पुलिस ने उसे दबोचकर तलाशी ली तो उसके पास से पांच देशी बम बरामद हुये। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लालगंज कोतवाली ले आयी। यहां पूछताछ मे आरोपी की पहचान धारूपुर जलेशरगंज निवासी पप्पू शाह के रूप मे हुई। आरोपी के खिलाफ उप निरीक्षक जयकिशुन यादव की तहरीर पर विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर देर शाम जेल भेज दिया गया। कोतवाल कमलेश पाल ने बताया कि जलेशरगंज बाजार मे हुई चोरी के सिलसिले मे पुलिस को भेजा गया था। रास्ते मे संदिग्ध धराया गया और उसके पास से देशी बम बरामद होने पर जेल भेजा गया है।

# बच्चा बैंक ने जरूरतमंदों के लिए दान की दवाएं

## असहायों की मदद को आगे आया बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बच्चों की शिक्षा में मददगार बन उनके राह की मुश्किलों को दूर करने में जी जान से जुटा बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी ने असहाय मरीजों की दवा से मदद करने का अभियान शुरू किया है। मंगलवार को बीबीएफजी के सहयोगियों और बच्चों ने एकत्र की गई दवाओं को मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दान की है। जिसमें बुखार, दर्द, सांस की करीब दो दर्जन दवाएं और एक सांस की मशीन भी शामिल है।

सीएमओ ने बीबीएफजी के कार्य को सराहा। कहा कि दवाएं जरूरतमंद और असहाय मरीजों के इलाज में बहुत ही कारगर साबित होंगी। बीबीएफजी के फाउंडर राजेश कुमार ने बताया कि उनके ग्रुप के सहयोगियों की तरफ से ये दवाएं एकत्र की गई हैं। जिसमें डॉक्टर मनोज खत्री, डॉक्टर वीपी सिंह, डॉक्टर अनुराग मिश्र और डॉक्टर अनिल गुप्ता का काफी सहयोग रहा। बच्चों की टीम ने घर घर जाकर लोगों से सम्पर्क कर दवाओं को एकत्र किया है। दान की गई दवाएं एलोपैथिक है। सरकारी अस्पताल की नहीं है। ग्रुप के सहयोगी अश्विनी केसरवानी ने बताया है कि बच्चा बैंक का दवा संग्रह का अभियान चल रहा है। लोग इसमें बढ़ चढ़कर सहयोग करें। लोगों द्वारा दान की गई दवाओं से किसी जरूरतमंद की जान बच सकती है। इस मौके पर मोहम्मद अनीश, साहिल, हिमांशु, लवकुश, वीके तिवारी, रमेश नटराज, अरुण मिश्रा समेत कई लोग मौजूद रहे।



सीएमओ को दवाएं दान करते बच्चे।

## जबरन रखवाया गया ट्रैक्टर व जनरेटर दिलवाने की पुलिस से लगायी गुहार

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रायबरेली जिले के शिवगढ़ थाना क्षेत्र के गंगाखेड़ा निवासी राहुल कुमार ने कोतवाली मे तहरीर देकर कहा है कि रानीगंज कैथौला निवासी जयेन्द्र बहादुर सिंह के पुत्र के तिलकोत्सव मे बीती अटठाईस नवंबर को उसने लाईट व टेण्ट लगाया था। आरोप है कि जयेन्द्र ने रायबरेली के दीपक दीक्षित के माध्यम से तिलकोत्सव मे कैटर्स भी बुक किया था। लेकिन खाना बनाने के लिए कैटर्स नही आया। इससे नाराज होकर आरोपी ने उसका टैज्क्टर व दो जनरेटर समेत सौ स्टील की कुर्सियां रखवा लिया। पीडित ने कई बार आरोपी से टैज्क्टर समेत सभी सामान देने की गुहार लगायी लेकिन उसे दिया नही जा रहा है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराते हुए जबरन रखवाया गया टैज्क्टर व जनरेटर समेत अन्य सामान दिलाये जाने की बात कही। कोतवाल कमलेश पाल ने बताया कि मामले की जांच कराने के बाद ही इस बारे मे कुछ कहा जा सकता है।

## नकब लगाकर मोबाइल की दुकान में लाखों की चोरी

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज-लखनऊ नेशनल हाइवे पर सोमवार की बीती रात अज्ञात चोरों ने सभागंज बाजार स्थित गब्बर मोबाइल शाप की दुकान में नकब लगाकर नकदी सहित लाखों रुपये के कीमती मोबाइल चुरा ले गए। घटना की जानकारी सुबह होते ही ब्यापारियों में हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची मानिकपुर पुलिस ने घटना की बाबत लोगो से जानकारी लिया। तहरीर मिलने पर जांच में जुटी घटना को लेकर व्यापारियों में आक्रोश इस बात है कि आये दिन चोर घटना को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस हाथ पे हाथ धरी बैठी हुई है। अब तक हुई कई चोरियों का खुलासा नही कर सकी।

# लायंस क्लब हर्ष ने जलवाये अलाव

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** लायंस क्लब हर्ष के द्वारा नगर स्थित स्टेशन रोड पर कड़ाके की ठंड से बचने के लिए अलाव जलवाया गया। अलाव जलते ही सर्द के ठिठुरते लोग के चेहरे खिल उठे। वहा पर मौजूद लोगो ने खूब आशीर्वाद दिया। इस मौके पर स्टेशन अधीक्षक एस के यादव, लायंस क्लब के प्रशासक लायन संतोष भगवन, जोन चेयर पर्सन डॉक्टर क्षितिज श्रीवास्तव, अध्यक्ष राजेश पाल, कोषाध्यक्ष अमितेंद्र श्रीवास्तव, लायन डॉक्टर श्याम शंकर शुक्ल जी ,लायन संदीप श्रीवास्तव ,राम कृष्ण मिश्र आदि लोग मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में बृज कुमार मिश्रा उर्फ झल्लू भैया का विषेस सहयोग रहा।



ठंड से अलाव तापते लोग।

## अधिवक्ता को धमकाने के मामले मे दो आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना क्षेत्र के ओरीपुर नौगीर निवासी जगदीश नारायण तिवारी के पुत्र संदीप तिवारी लालगंज तहसील मे अधिवक्ता है। बीती चैदह जनवरी को लालगंज तहसील से वह चकबंदी न्यायालय सांगीपुर जा रहे थे। सांगीपुर के समीप जावेद नर्सिंग होम के पास पहले से घात लगाये बैठे देउम पश्चिम पूरे पयाग निवासी मुकेश कुमार व अरविंद कुमार पुत्रगण लालता प्रसाद अचानक हमलावर हो गये और भददी भददी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी।

# असफलता को लेकर सत्ता से बेदखल होगी अब बीजेपी सरकार : मोना

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्य कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा है कि विधानसभा चुनाव मे प्रदेश की जनता के सामने विकास तथा सुरक्षा ही अहम मुददा होगा। कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता मोना ने दावे के साथ कहा कि विकास व सुरक्षा के नाम पर मौजूदा भाजपा की सरकार अब पूरी तरह से जनता का विश्वास खो चुकी है।

सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना ने मंगलवार को लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर कार्यकताओं के साथ इन डोर संवाद किया। वहीं केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने मंगलवार को बाबा घुइसरनाथ धाम मे पहुंचकर मत्था टेका। इधर रामपुरखास की विधायक आराधना मिश्रा मोना एवं सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने देश के ख्यातिप्राप्त कथक सम्राट बिरजू महराज के आकस्मिक निधन पर संवेदना जताते हुए कहा कि बिरजू महराज ने भारतीय लोक नृत्य शैली को विश्वपटल पर गंगा जमुनी तहजीब के तहत प्रतिनिधित्व करते हुए भारतीय सांस्कृतिक गौरव को दुनिया भर मे एक नई दिशा प्रदान करने मे अप्रतिम सफलता हासिल की। इस मौके पर सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, संतोष द्विवेदी, ददन सिंह, सुधाकर पाण्डेय, भुवनेश्वर शुक्ल, आशीष उपाध्याय, दुर्गेश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## बिरजू महराज के निधन पर प्रमोद तिवारी व मोना ने जताई संवेदना



## खबर संक्षेप

### सरकारी कार्यालय के जलाए गए अभिलेख

**कौशाम्बी।** चायल तहसील के उप निबन्धक कार्यालय रजिस्ट्री ऑफिस में मंगलवार को सरकारी अभिलेखों को आग के हवाले कर दिया गया है शीतलहर के चलते अधिक भीड़ भाड़ नहीं थी और मौका मिलते ही रजिस्ट्री कार्यालय के कर्मचारियों ने सरकारी अभिलेखों को जला दिया है इसमें तमाम स्टांप पेपर शामिल है बेखौफ तरीके से खुलेआम कार्यालय परिसर में सरकारी कागजात जलाए जा रहे थे रजिस्ट्री ऑफिस द्वारा जो सरकारी कागजात जलाए गए हैं उसमें 2021 के भी कुछ कागजात और स्टाम्प पेपर शामिल थे सरकारी कार्यालय के स्टांप और अभिलेख क्यों जलाए जा रहे हैं यह बड़ी जांच का विषय है इसके पीछे कौन सी हेराफेरी करने की साजिश है इस बात की चर्चा लोगों के बीच हो रही है।

### गोमांस के साथ गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पुलिस पुलिस बल द्वारा अभियुक्त कल्लू पुत्र मसूक अहमद थाना कोखराज को गिरफ्तार कब्जे से 25 किलो गोमांस बरामद होने पर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# लूट के इरादे से वृद्ध महिला का बेरहमी से कत्ल

## पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए महिला की मुंडी शाल बैग आदि किया बरामद

अखंड भारत संदेश


महिला की हत्या की जानकारी के बाद आरोपियों के घर लगी भीड़ तथा इन्सेट में महिला सीमा देवी की फाइल फोटो तथा इन्सेट में जंगल से बरामद बृद्ध महिला की मुंडी

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के ककोड़ा गांव के मजरा चकिया में रिश्तेदारी में आई एक बृद्ध महिला की लूटपाट के इरादे से रिश्तेदारों ने ही बेरहमी से कत्ल कर लाश को टुकड़े कर गांव के बाहर फेंक दिया है जंगली जानवर लाश को नोच नोच कर खा रहे थे महिला जब अपने घर वापस नहीं पहुंची तो परिजनों को बेचैनी हुई वह महिला को खोजने लगे खोजबीन के बाद पता चला कि महिला को कोखराज थाना क्षेत्र के ककोड़ा गांव के मजरा चकिया निवासी घनश्याम पुत्र बिल्लोस के घर 11 दिसंबर 2021 की रात आई थी लेकिन उसके बाद महिला का सुराग नहीं लग सका परिजनों ने मामले की सूचना कोखराज कोतवाली पुलिस को दिया परिजनों की तहरीर पर पुलिस सक्रिय हुई और जब उसने जांच की दिशा बढ़ाई तो रिश्तेदार घनश्याम संदिग्ध प्रतीत हुए पुलिस ने जांच पड़ताल के लिए रिश्तेदारों को पकड़ लिया और जब कोतवाली में कड़ाई से पूछताछ की गई तो उन्होंने महिला की लूटपाट के इरादे से हत्या का जुर्म कबूल कर लिया। घटनाक्रम में बताया जाता है कि प्रयागराज जिले के चकिया कर्बला निवासी सीमा देवी उम्र लगभग 74 वर्ष पत्नी संगम लाल 8 दिसंबर 2021 को कानपुर रिश्तेदारी गई थी जहां से वह वापस 11 दिसंबर को ककोड़ा गांव के मजरा चकिया निवासी घनश्याम के घर पहुंच गयी महिला 6 तोले के सोने के जेवर पहने थी जेवर देख कर घनश्याम और उनके परिजनों की नियत डोल गई उन्होंने महिला की हत्या कर 6 तोले सोने के जेवर और 10 हजार रुपए लूट लिए और महिला के शव के टुकड़े-टुकड़े कर सिहोरी के जंगल में फेंक दिया महिला जब वापस प्रयागराज नहीं पहुंची तो परिजनों को बेचैनी हुई और उन्होंने खोजबीन शुरू की खोजबीन के दौरान मालूम हुआ कि घनश्याम के घर 11 दिसंबर की रात महिला रुकी थी जिस पर परिजनों ने पुलिस की मदद ली पुलिस ने जब घनश्याम और उसके परिजनों से कड़ाई से पूछताछ किया तो घनश्याम ने महिला के मुंडी सिहोरी गांव के बाहर झाड़ी से बरामद करा दी है घनश्याम ने बताया कि महिला की हत्या करने के बाद उसके शव को कई टुकड़े में काट कर जंगल में फेक दिया गया है पुलिस ने मुंडी के साथ महिला के सिर के बाल महिला का बैग साल बरामद किया है पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनके वाहन को भी कब्जे में ले लिया है बताया जाता हैं कि कुछ वर्षों

## न्यूज झरोखा

### सभी बूथों पर आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करें सुनिश्चित : डीएम



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने सम्राट उदयन सभागार में विधान सभा सामान्य निर्वाचन- 2022 की तैयारियों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को सभी बूथों पर आवश्यक आधारभूत सुविधाएं-बिजली, पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि इस कार्य में लापरवाही न बरती जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी गण उपस्थित थे।

### वरिष्ठ पत्रकार के निधन पर शोक की लहर

**भारतीय पत्रकार संघ कौशांबी न्यूज रिपोर्टर क्लब मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने व्यक्त किया शोक**



**कौशाम्बी।** बीते तीन दशक से अधिक समय तक पत्रकारिता जगत से जुड़े रहे वरिष्ठ पत्रकार रणछोड़ सिंह का इलाज के दौरान निधन हो गया है उनके निधन की जानकारी मिलते ही पूरे पत्रकार जगत में शोक की लहर है पत्रकारों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा किया है वरिष्ठ पत्रकार रणछोड़ सिंह के निधन पर उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य चायल विधायक संजय गुप्ता समेत तमाम राजनीतिक दल के नेताओं ने भी शोक संवेदना व्यक्त की है कौशांबी न्यूज रिपोर्टर क्लब भारतीय पत्रकार संघ प्रेस क्लब मान्यता प्राप्त संवाददाता संवाददाता समिति समेत तमाम संगठनों ने शोक संवेदना व्यक्त कर दिवंगत आत्मा की शांति की कामना और मृतक परिजनों को साहस देने की प्रार्थना ईश्वर से की है। बताते चलें कि विभिन्न समाचार पत्रों में अपनी बेहतर लेखनी के लिए रणछोड़ सिंह समस्त पत्रकारों के बीच बेहतर छवि बनाए हुए थे दो दशक से लगातार यूनाइटेड भारत के वह ब्यूरो प्रमुख रहे अपने पीछे वह भरा पूरा परिवार छोड़ कर गए कौशांबी न्यूज रिपोर्टर क्लब के संरक्षक रामबदन भार्गव ने कहा कि रणछोड सिंह लंबे समय तक पत्रकारिता में रहकर जिला के प्रमुख समस्याओं को उजागर करते रहे समिति के महामंत्री मोहम्मद जमशेद मोअज्जम खान सुनील कुमार पांडेय जयशंकर गुप्ता रमेश त्रिपाठी अनुराग शुक्ला मो0 हलीम सचज्ञान द्विवेदी जरीना महेंद्र कुमार मिश्र कृष्ण मणि मिश्र सैयद अतहर हुसैन अमर उजाला के ब्यूरो प्रमुख रवींद्र अग्रहरि दैनिक जागरण के ब्यूरो प्रमुख शैलेन्द्र द्विवेदी सहित तमाम पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया। भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुशील केशरवानी सुबोध केशरवानी बैजनाथ केशरवानी विष्णु सोनी अजीत कुशवाहा सुशील मिश्रा गणेश साहू राजू सक्सेना शशि भूषण सिंह सहित तमाम पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया।

# चौराहा अस्पताल बस अड्डा रेलवे स्टेशन पर ठंड से ठिठुरते देखे जा रहे हैं गरीब

## हाड़ कंपा देने वाली ठंड से अभी नहीं मिलेगी निजात बारिश होने के आसार, हाड़ कंपा देने वाली ठंड में बचाव के नाम पर सरकार का कम्बल वितरण और अलाव व्यवस्था ऊंट के मुंह में जीरा


प्रमुख सचिव के आगमन पर भी ठीक से नहीं जल सका था अलाव।

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** हाड़ कंपा देने वाली ठंड में बचाव के नाम पर सरकार द्वारा कम्बल वितरण और अलाव जलाए जाने की व्यवस्था कराए जाने का ढिंढोरा पीटा जा रहा है लेकिन सच्चाई यह है कि कौशांबी जिले के प्रमुख कस्बों प्रमुख चौराहों प्रमुख स्थानों सरकारी बस अड्डा प्राइवेट बस अड्डे टेंपो अड्डे अस्पताल रेलवे स्टेशन सहित विभिन्न सार्वजनिक भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर अलाव जलाए जाने की पर्याप्त व्यवस्था नगर पालिका नगर पंचायत और तहसील प्रशासन द्वारा नहीं की गई है जिम्मेदार अधिकारियों कर्मचारियों के आवास पर अलाव जल रहे हैं लेकिन गरीब कमजोर मजलूम राहगीर और जरूरतमंद के लिए अलाव की पर्याप्त व्यवस्था सरकार द्वारा नहीं हो सकी है अलाव व्यवस्था के नाम पर करोड़ों का बजट होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी बजट की कमी का रोना रो रहे हैं सरकारी बजट से लकड़ियां खरीदी जा रही है लेकिन नगर पालिका नगर पंचायत और तहसील के जिम्मेदार कर्मचारी अधिकारी और उनके रिश्तेदारों के आवास पर लकड़िया पहुंचा कर अलाव जलाए जाने का ढिंढोरा पीटा जा रहा है जिससे चौराहा अस्पताल बस अड्डा रेलवे स्टेशन सार्वजनिक स्थानों पर ठंड से ठिठुरते गरीब कमजोर मजलूम देखे जा रहे हैं अलाव जलाए जाने की व्यवस्था के नाम पर दो गीली लकड़ियां रखकर केवल फोटो खींच कर शासन को सूचना भेजी जा रही है जबकि गीली लकड़िया जल नहीं रही है और लकड़ियों के ना जलने से अलाव जलाए जाने की व्यवस्था केवल बकवास साबित हो रही है लेकिन फिर भी जिम्मेदार अधिकारी अलाव जलाने की व्यवस्था पर इठला रहे हैं। बीते कई दिनों से हाड़ कपा देने वाली ठंड के बीच यही स्थिति सरकारी कम्बल वितरण की है हाड़ कपा देने वाली ठंड में अभी तक गरीब कमजोर ठिठुरते लोगो को कम्बल नहीं मिल सका है और जिन सरकारी अधिकारियों द्वारा कम्बल का वितरण किया गया है वह इतनी घटिया क्वालिटी का कम्बल है कि उससे ठंड जाने की कल्पना किया जाना भी बेमानी होगी घटिया क्वालिटी का सस्ती कीमत का कम्बल बांटकर जिम्मेदार अधिकारी मोटा कमीशन खाकर गरीबों की मदद करने का ढिंढोरा पीट रहे हैं जबकि हकीकत में कम्बल वितरण योजना अधिकारियों कर्मचारियों के खाने-पीने का साधन बनकर रह गई है अंधेर गर्दी की हद हो तब गई है कि जब गरीब कमजोर की मदद के नाम पर भी कम्बल की खरीद में बड़ी कमीशन खोरी हो रही है ठंड से गरीब कमजोर ठिठुर रहे हैं लेकिन उनकी इस समस्या का समाधान करने की ओर जिम्मेदारों ने ठोस पहल नहीं है मौसम विभाग अभी और ठंड बढ़ने की चेतावनी दे रहा है मौसम विभाग का कहना है कि अभी कपकपाती ठंड के बीच बारिश होने की भी संभावना है लेकिन फिर भी ठंड से बचाव के लिए गरीब कमजोर जरूरतमंद लोगो की ठोस व्यवस्था सरकार के नुमाइंदे नहीं कर सके हैं जो कम्बल वितरण और अलाव जलाए जाने की व्यवस्था पर करारा तमाचा है।



### गौ संरक्षण केंद्र में ठंड से ठिठुर रहे है गोवंश

**गौ संरक्षण केंद्र में अव्यवस्था के चलते गोवंश की हो रही है मौत, ग्राम पंचायत काजू में बने गौशाला में लावारिस की तरह मृतक गाय की लाश पड़ी है**

कौशाम्बी गौ संरक्षण केंद्र में अव्यवस्था के चलते हाड़ कपकपा देने वाली ठंड में गोवंश ठंड से ठिठुर रहे हैं उनकी व्यवस्था का जिम्मा लिए जिम्मेदार घरों में मौज कर रहे हैं गौ संरक्षण केंद्र में अव्यवस्था के चलते गोवंश की मौत हो रही है अव्यवस्था का आलम यह है कि गौ संरक्षण केंद्र में पशुओं को पीने के लिए दूषित काले रंग का गंदा पानी उपलब्ध हो रहा है शुद्ध जल की व्यवस्था भी गोवंश को नहीं हो रही है मामला मूरतगंज विकासखंड क्षेत्र के काजू ग्राम पंचायत के गोवंश केंद्र का है बार-बार शिकायत के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों ने गोवंश को संरक्षित करने का प्रयास नहीं किया है जो गौ संरक्षण व्यवस्था पर बड़ा सवाल है। बताते चलें कि भरवारी मनौरी मार्ग के ग्राम पंचायत काजू बिकास खण्ड मूरतगंज में बने गौशाला में लावारिस की तरह मृतक गाय की लाश पड़ी है गौशाला की गायों को खाने के लिए भूसा मौजूद पडा हुआ है पीने के लिए खड्डे में मौजूद काले रंग का गंदा पानी पशुओं को पीने के लिए इंतजाम किया गया है दूषित जल और ठंड के चलते गोवंस की मौत हो रही है इन सभी कारणों के चलते गो संरक्षण केंद्र काजू में सुविधा का अभाव बना हुआ है ठण्ड से बचने के लिए कोई सुविधा नहीं है गौ संरक्षण केंद्र में गोवंश की देखरेख के लिए कोई कर्मचारी मौजूद नहीं रहता है कर्मचारी भी गौ संरक्षण केंद्र को खाली छोड़कर लावारिस हालत में चले जाते हैं जबकि गो संरक्षण केंद्र में पशुओं की देखरेख के लिए लाखों का बजट सरकारी खजाने से निकाला जा रहा है जो व्यवस्था पर बड़ा सवाल है।

## फाइनेंस कंपनी के गुंडों ने बल पूर्वक छीन लिया वाहन

**महिन्द्रा फायनेंस की एक और गुंडागर्दी फइक के दिशा निर्देशों का खुलेआम उल्लंघन**

**कौशांबी।** फाइनेंस कंपनी के गुंडों ने एक बार फिर बल पूर्वक वाहन छीन लिया है मामला कोखराज थाना क्षेत्र के मूरतगंज का है जबकि सुप्रीम कोर्ट हाईकोर्ट ने स्पष्ट तौर पर निर्देश दिया है कि वाहन स्वामी के पास रहेगा फाइनेंसर ऋण दाता है वाहन स्वामी नहीं हो सकता है उसे वाहन छीनने का अधिकार नहीं है लेकिन फिर भी फाइनेंस कंपनियों के गुंडों द्वारा बलपूर्वक वाहन को छीना जा रहा है फाइनेंस कंपनी के गुंडों द्वारा वाहन छीने जाने के बाद वाहन स्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की है। कोविड-19 पैंडेमिक के चलते लोगों का कारोबार इस कदर प्रभावित हो चुका है कि उन्हें अपना घर चलाना मुश्किल हो गया है। इसके चलते जिले के हजारों लोग अपनी मासिक किस्तें भी नहीं भर पा रहे हैं। इस पर फइक ने सभी बैंकों और फायनेंस कंपनियों को मई 2022 तक किसी भी आटोलोन पर वाहनों को सीज करने की मनाही के लिए सख्त दिशानिर्देश जारी किए हैं,क्योंकि अगर ग्राहकों के कमर्शियल वाहन सीज कर दिए जाएंगे तो उनकी आय के सभी स्त्रोत पूर्णतः समाप्त हो जाएंगे और भूखों मरने की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फइक की इस गाइडलाइन को जिले की कुछ फायनेंस कंपनी ताक पर रखकर कार्य कर रही हैं। ताजा प्रकरण यह है कि मूरतगंज के व्यापारी शिवम केशरवानी की ओमनी वैन की चार किस्तें कोविड-19 पैंडेमिक के कारण जमा नहीं हो पायीं तो कल 17 जनवरी को मंदर मोड के पास सूनसान जगह पर महिंद्रा फाइनेंसर कंपनी के चार युवकों ने मार पीट करके व्यापारी से 25,000 रुपयों से भरा बैग और उसकी ओमनी वैन छीन ली। बाद में महिन्द्रा फायनेंस के रिकवरी एजेंट रमेश चंद्र से वैन की सीजर की जानकारी मिली तो व्यापारी ने महिंद्रा फायनेंस और उसके चारों अज्ञात रिकवरी एजेंटों फाइनेंस कंपनी के कथित गुंडों के खिलाफ बिना किसी पूर्व नोटिस के वैन को रास्ते से छीन लेने,उसके साथ अभद्रता और मार पीट करके 25,000 रुपये लूट लेने की तहरीर थाना कोखराज में दे दी है। थाना प्रभारी द्वारा इस संदर्भ में जांच पड़ताल कर मुकदमा पंजीकृत करने का आश्वासन दिया गया है।

## अवैध तमंचा के साथ शातिर अपराधी हुआ गिरफ्तार

**सुपारी लेकर हत्या करने में माहिर था पकड़ा गया आरोपी**


पुलिस की गिरफ्त में शातिर अपराधी

**कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के दूल्हा पुर पुलिया के पास पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से पुलिस ने अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किया है बताया जाता है कि पकड़ा गया युवक इलाके का शूटर है और सुपारी लेकर लोगों की हत्या करना इसका आम बात है पकड़े गए युवक के कब्जे से 315 बोर का तमंचा और तीन कारतूस भी बरामद हुआ है पुलिस ने लिखा पढ़ीकर पकड़े गए युवक को जेल भेज दिया है। पिपरी थाना के लोधाउर चौकी इंचार्ज हनुमान प्रताप सिंह हेड कांस्टेबल अहमद अली कांस्टेबल संतोष कुमार कांस्टेबल बृजेश कुमार टीम सड़क पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी पुलिस ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान दूल्हापुर पुलिया के पास एक अभियुक्त पंकज सिंह उर्फ बबलू पुत्र लवकुश सिंह निवासी लोधाउर थाना पिपरी पकड़ा गया है जिसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा और तीन जिन्दा कारतूस बरामद हुए हैं आरोपी शातिर अपराधी के विरुद्ध लिखा पढ़ी कर पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है।



### एसपी के निर्देश पर पकड़ा गया गांजा कारोबारी

**लंबे समय से गांजा व्यवसाय से जुड़े कारोबारी की पुलिस अधिकारियों से हुई थी शिकायत**

**कौशाम्बी।** संगठित अपराधों पर अब थाना पुलिस और चौकी पुलिस कार्यवाही करने से बचती है जब मामला आला अधिकारियों के संज्ञान में आता है और आला अधिकारी संगठित अपराध पर कार्यवाही करने का निर्देश देते हैं तो चौकी पुलिस सक्रिय हो जाती है इसी तरह का एक मामला टेवा चौकी का सामने आया है जहां लंबे समय से गांजा का कारोबारी बेखौफ तरीके से अपने काले धंधे को अंजाम दे रहा था स्थानीय पुलिस चौकी मूकदर्शक बनी थी मामले की शिकायत पुलिस अधिकारियों से हुई जिस पर पुलिस अधीक्षक ने गांजा कारोबारी पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। टेवा पुलिस चौकी इंचार्ज ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा चलाए जा रहे अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी व क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के कुशल निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व मे चौकी प्रभारी टेवा थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 18 जनवरी को टेनशाआलमाबाद तिहारे से मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त शिवमूरत पुत्र कन्धई सरोज निवासी नादीन का पुरवा थाना मंझनपुर को 700 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया,जिसके सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु0अ0सं0 41/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया विधिक कार्यवाही के पश्चात गांजा कारोबारी को पुलिस ने अदालत में पेश कर दिया है।

### नाली खुदाई में गिरी कच्ची दीवार, मां की मौके पर मौत

**दीवार गिर जाने से बेटी भी हुई गंभीर रूप से घायल जिला अस्पताल में चल रहा इलाज**

**इमामगंज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के मूरतगंज चौकी अंतर्गत पट्टी परवेजाबाद बड़ागांव में नाली की खुदाई का कार्य चल रहा था खुदाई के दौरान कच्ची दीवार गिर गयी हादसे में रीना देवी पत्नी आशीष कुमार की मौके पर ही मौत हो गई और बेटी रिंशी गंभीर रूप से घायल हो गई घायल को मूरतगंज पी एच सी में इलाज हेतु भेजा गया जहाँ उसकी हालत नाजुक थी जिसे पी एच सी के डॉक्टरों ने जिला अस्पताल भेज दिया मौके पर पहुँचे जिला पंचायत सदस्य राम नरेश पासी ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुँची कोखराज पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# हिंदुस्तान में पहली बार होगा लीग और नाक आउट की मिली जुली प्रतियोगिता

**अपने प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए विश्व चैंपियनशिप के आधार पर राज्य के खिलाड़ियों को विश्व शतरंज चैंपियनशिप की तैयारियों के तरह से ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन इसकी पहली कड़ी है**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** हिंदुस्तान में पहली बार लीग और नाक आउट की मिली जुली प्रतियोगिता का आयोजन यूपी चैस स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में किया जा रहा है। अपने प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए विश्व चैंपियनशिप के आधार पर राज्य के खिलाड़ियों को विश्व शतरंज चैंपियनशिप की तैयारियों के तरह से ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन इसकी पहली कड़ी है। इससे उम्मीद है की प्रदेश में भी विश्व स्तरीय खिलाड़ी बन सकेंगे प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग 10 वर्ष से कम, 12 वर्ष से कम, 14 वर्ष से कम, 16 वर्ष से कम, की प्रतियोगिताएं 19 जनवरी से प्रारंभ होंगी जोकि 28 जनवरी तक चलेंगी इसके उपरांत 31 जनवरी और 1 फरवरी को ओपन वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन होगा इन समस्त प्रतियोगिताओं से 26 खिलाड़ियों का चयन नाक आउट के लिए किया जाएगा जोकि 3 फरवरी से प्रारंभ होकर 13 फरवरी तक चलेगा यह नाक आउट मैच उसी प्रकार आयोजित होंगे जिस प्रकार विश्व चैंपियनशिप आयोजित होती है और प्रत्येक चरण में खिलाड़ी क्वालीफाई करते हुए अंत में फाइनल में पहुंचकर अपनी बुद्धिमत्ता का प्रदर्शन करेगा यह प्रतियोगिता भारतवर्ष में पहली बार आयोजित की जा रही है जिससे भारत में भी आने वाले समय में विश्व चैंपियनशिप की तैयारियां संभव हो पाएंगे संस्था के सचिव श्री ए के राय रायजादा के अनुसार यह प्रतियोगिता ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रकार से आयोजित होगी आगामी प्रतियोगिता शीघ्र ही आयोजित की जाएगी, प्रतियोगिता का उद्देश्य भविष्य में उत्तर प्रदेश से ग्रैंड मास्टर और अंतरराष्ट्रीय मास्टर निकालना है। प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक एके रायजादा अंतर्राष्ट्रीय आर्बिटर होंगे जिनके साथ साथ सहायक राज्य स्तरीय आर्बिटर राघवेंद्र शुक्ला फिडे अंतरराष्ट्रीय आर्बिटर ,जितेंद्र सिंह गोरखपुर ,मनजीत सिंह लखीमपुर खीरी ,हरीश रस्तोगी कानपुर ,अजय मिश्रा बरेली, प्रमोद बिष्ट मुरादाबाद, आनंद सिंह लखनऊ, अतुल निगम झांसी, दीपक सहगल वाराणसी ,विजय कुमार वाराणसी होंगे।

### मंझनपुर से विनय कुमार चायल से सुशील द्विवेदी सिराथू से राजेंद्र सोनकर होंगे लोकदल प्रत्याशी

**कौशांबी।** आगामी विधानसभा चुनाव 2022 में लोक दल पार्टी ने किसी अन्य राजनीतिक दल से समझौता न करने का निर्णय किया है लोकदल जिले की तीनों विधानसभा सिराथू चायल मंझनपुर में पार्टी प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारेगी प्रत्याशियों के नामों की घोषणा करने के लिए पूर्व पार्टी की बैठक जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में संपन्न हुई है इसमें पार्टी प्रत्याशियों का चयन किया गया है और लोकदल पार्टी के प्रत्याशी के नामों की घोषणा कर दी है सिराथू विधानसभा सीट से राजेंद्र सोनकर मंझनपुर विधानसभा से विनय कुमार चायल विधानसभा सीट से सुशील द्विवेदी लोकदल के बैनर तले विधानसभा चुनाव 2022 के चुनाव में अपना दावा ठोकेंगे उक्त जानकारी पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सोनकर ने दी है।

# सेन्ट फ्रांसिस स्कूल जाने वाली सड़क गड्ढो में तब्दील...

अखंड भारत संदेश

**विधायक निधि से बननी थी सड़क प्रतिस्पर्धा के चलते स्कूल की सीमा तक ही बनाई गयी सड़क**

**68 लाख रुपये से बननी थी सड़क नही बनाई गई पूरी सड़क आये दिन मासूम बच्चे गड्ढे में गिरकर होते है चोटिल अभिभावकों में रोष**

**भरवारी कौशाम्बी।** चायल तहसील के बेरुआ स्थित इंग्लिश मीडियम स्कूल सेंट फ्रांसिस के सीमा क्षेत्र में सड़क गड्ढो में तब्दील होती दिख रही है जिससे सड़क के गड्ढे में गिरकर स्कूली बच्चे चोटिल हो रहे है ऐसे में अपने अपने बच्चो को स्कूल में पढ़ा रहे अभिभावकों में जबरदस्त आक्रोश ब्याप्त है विधायक निधि से लगभग दो किलोमीटर चार सौ मीटर लंबी सड़क बननी थी जिसको कॉलेज के प्रबंध तंत्र ने विधायक चायल से गड्ढो में तब्दील सड़क का ध्यान आकृष्ट करते हुए मांग की थी कि यहा पढ़ रहे छात्रों को रोज स्कूल आने जाने में अत्याधिक परेशानी होती है जिस पर विधायक चायल संजय गुप्ता ने सड़क को नए शिरे से बनवानी शुरू करवाई जिसको लोकनिर्माण विभाग को अपने विधयाक निधि से लगभग दो किलोमीटर चार सौ मीटर की सड़क बनवाने के लिए अपनी निधि से 68 लाख रुपये से बनने का आदेश भी दे दिया। जिसके चलते लोक निर्माण विभाग के ठेकेदारों द्वारा स्कूल की सीमा के बाहर तक ही सड़क बना डाली परंतु जहा से सेन्ट फ्रांसिस स्कूल शुरू होता है वहा से कार्य को रोक कर अपने जिम्मेदारों को गुमराह करते हुए सड़क का सम्पूर्ण भुगतान ठेकेदार ने विभाग से करा लिया ऐसे में यह सड़क आज भी गड्ढो में तब्दील है वही लोगो मे विभाग के प्रति जबरदस्त आक्रोश है लोगो की माने तो कहा यहा तक जा रहा है कि सेन्ट फ्रांसिस स्कूल की बढ़ती साख व पढ़ाई की गुणवत्ता पर कही अन्य स्कूलों के चहेतो के चलते प्रतिस्पर्धा के चलते सम्पूर्ण स्कूल तक सड़क नही बनने दी गई हो यह अपने आप मे बड़ा सवाल है इसकी विधिवत जांच होनी चाहिए। यहां यह भी बताना चाहिए कि जब दो किलोमीटर चार सौ मीटर की सड़क बनवाने का विधायक ने अपनी निधि से 68 लाख की रकम से सड़क बननी थी तो अधूरी सड़क क्यो बनायी गयी ओर पूरा भुगतान कैसे हो गया यह जांच का विसय है ऐसे ठेकेदारों की जांच होनी चाहिए ' गड्ढे युक्त सड़क के चलते बच्चो के अभिभावकों में जबरदस्त आक्रोश है वही जिलाधिकारी कौशाम्बी से बच्चों के स्कूल आवागमन को ध्यान में रखते हुए यथा शीघ्र सड़क बनवाने की लोगो ने मांग की है।

## बिग बैश लीग में खेलने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने उन्मुक्त चंद




**मेलबर्न।** वर्ष 2012 में भारत को अंडर-19 विश्व कप दिलाने वाले उन्मुक्त चंद मंगलवार को बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेलने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। चंद ने मेलबर्न के डॉकलैंड्स स्टेडियम में यहां होबार्ट हरिकेंस के खिलाफ मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए पदार्पण करते हुए यह उपलब्धि हासिल की।

28 वर्षीय चंद ने पिछले साल भारत में अपने खेल करियर पर विराम लगाते हुए अमेरिका का रूख किया था। उन्होंने तीन आईपीएल फ्रेंचाइजी - दिल्ली डेयरडेविल्स, मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स का प्रतिनिधित्व किया और एक दशक से अधिक समय तक उनका घरेलू करियर रहा, जिसमें 67 प्रथम श्रेणी मैच शामिल हैं।

बता दें कि ऑस्ट्रेलिया में खेले गए 2012 आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ चंद ने नाबाद 111 रन बनाए थे और भारत को खिताब जीताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## बीबीएल : मार्नस लाबुशेन की ब्रिस्बेन हीट टीम में वापसी




**ब्रिस्बेन।** ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन की मौजूदा बिग बैश लीग (बीबीएल) के लिए ब्रिस्बेन हीट की टीम में वापसी हुई है। सिडनी सिक्सर्स के खिलाफ बुधवार को होने वाले मुकाबले में लाबुशेन हीट की टीम का हिस्सा होंगे।

ब्रिस्बेन हीट ने एक बयान में कहा, लाबुशेन ने क्वींसलैंड क्रिकेट से संपर्क किया और गाबा में लीग में दूसरे स्थान पर रहने वाले सिडनी सिक्सर्स के खिलाफ मैच के लिए हीट की टीम में शामिल होने का अनुरोध किया, जिसे सहर्ष स्वीकार कर लिया गया।

लाबुशेन हाल ही में समाप्त हुए एशेज श्रृंखला में ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा थे, जिसने इंग्लैंड को 4-0 हराकर एशेज पर कब्जा किया। हीट को सोमवार को मार्वल स्टेडियम में पर्थ स्कॉर्चर्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा। ब्रिस्बेन हीट के 13 मैचों में 15 अंक हैं।

## कोहली हमेशा मेरे कप्तान रहेंगे : मोहम्मद सिराज



**नई दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने पूर्व कप्तान विराट कोहली को उन पर भरोसा और विश्वास करने के लिए धन्यवाद दिया है। कोहली ने सात साल तक टीम की अगुवाई करने के बाद शनिवार को भारत के टेस्ट कप्तान का पद छोड़ दिया। आरसीबी के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोहली के नेतृत्व में खेलने वाले सिराज ने कहा कि कोहली हमेशा उनके कप्तान रहेंगे। सिराज ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा, मेरे सुपरहीरो, मैं आपके द्वारा मिले समर्थन और प्रोत्साहन का कभी ऋण नहीं चुका सकता। आप हमेशा मेरे बड़े भाई जैसे रहे हैं। इतने वर्षों तक मुझ पर विश्वास करने के लिए धन्यवाद। आप हमेशा मेरे कप्तान किंग कोहली रहेंगे।

पिछले साल, कोहली ने टी-20 टीम की कप्तानी छोड़ दी थी और फिर उन्हें एकदिनी टीम के कप्तान पद से हटा दिया गया था। कोहली भारत के अब तक के सबसे सफल टेस्ट कप्तान रहे हैं। एमएस धोनी से बागडोर संभालने के बाद, उन्होंने 68 टेस्ट मैचों में भारत का नेतृत्व किया और 58.82 जीत प्रतिशत के साथ 40 मैचों में भारतीय टीम को सफलता दिलाई।

## सचिन की धुआंधार बल्लेबाजी से मेगा ट्रेंड्स ने जीता मैच, सीसीसी ने भी मैच जीता

**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग के बी डीविजन में दो मैच खेले गये। पहले नकवी स्पोर्टिंग व सेंट्रल क्रिकेट क्लब के बीच खेले गये कांटे की टक्कर में तीन रन से नकवी की टीम ने तीन रन से मैच जीत लिया। वहीं मेगा ट्रेंड्स सीसी व एएससीए के बीच खेले गये मैच में मेगा ट्रेंड्स ने 65 रन मैच को जीत लिया।

मेगा ट्रेंड्स सीसी व एएससीए के बीच खेले गये मैच में मेगा ट्रेंड्स ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में सात विकेट खोकर 239 रन बनाये। मेगा ट्रेंड्स के सचिन सिंह ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 10 चौका व चार छक्का की मदद से 105 रन बनाये। वहीं एएससीए की टीम 174 रन पर ही आल आउट हो गयी और मेगा ट्रेंड्स ने मैच को 65 रन से जीत लिया। एएससीए के खिलाड़ी शानवाज ने सर्वाधिक 74 रन का योगदान दिया। इस मैच में सचिन को मैन आफ द मैच का खिताब दिया गया। दूसरे मैच में नकवी स्पोर्टिंग ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 147 रन बनाते हुए 31वें ओवर में ही आउट हो गयी। नकवी टीम के प्रवीण कुमार ने 72 रन का योगदान दिया। वहीं सेंट्रल क्रिकेट क्लब की टीम 144 रन पर ही आउट हो गयी और तीन रन से मैच को हार गयी।

## तलवारबाजी के वर्ल्ड कप में खेलेगा झुंझुनू का सुनील जाखड़



**झुंझुनू।** दोहा कतर में 26 जनवरी से शुरू होने वाली होने वाले फेंसिंग (तलवारबाजी) वर्ल्ड कप में भाग लेने के लिये राजस्थान में झुंझुनू जिले के सुनारी गांव का सुनील जाखड़ का चयन हुआ है। इस पर उनके परिवार और गांव में खुशी का माहौल है। सुनील जाखड़ इससे पहले नेशनल चैम्पियनशिप में पांच गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। सुनील फिलहाल भारतीय सेना की राजपूताना राइफल में हवलदार हैं। सुनील का परिवार खेती करता है। सुनील ने बताया कि वह 12 साल से तलवारबाजी कर रहे हैं। इंटरनेशनल कॉम्पिटिशन में खेलने के लिए उन्होंने पुणे स्थित आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट में प्रैक्टिस की है।

फेंसिंग वर्ल्ड प्रतियोगिता के लिए अमृतसर में हुई ट्रायल में सुनील जाखड़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि जेएनडीयू यूनिवर्सिटी में ट्रायल 14 जनवरी को हुई थी। ट्रायल में देशभर से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। जिसमें उन्हें सबसे ज्यादा अंक मिले। अब सुनील खाड़ी देश कतर की राजधानी दोहा में 26 जनवरी से आयोजित होने वाले फेंसिंग वर्ल्ड प्रतियोगिता में भारतीय टीम से खेलेंगे। इस टीम में सुनील सहित कुल चार लोगों का चयन हुआ है। सुनील कुमार ने इससे पहले तीसरी सीनियर तलवारबाजी प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक जीतकर राजस्थान का नाम रोशन किया था।

सुनील कुमार का तलवारबाजी करने का किस्सा भी बहुत रोचक है। उन्होंने बताया कि करीब 12-13 साल पहले जयपुर में तलवारबाजी की प्रतियोगिता देखी थी। इसके बाद उनके मन में भी तलवारबाजी की इच्छा हुई। इसके बाद उन्होने आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट पुणे में कोच से मिलकर तलवारबाजी सीखना शुरू किया। धीरे-धीरे छोटी-छोटी प्रतियोगिताओं में भाग लिया। सिलसिला आगे बढ़ता गया। कई प्रतियोगिताओं में पदक जीते। फिर भारत के लिए खेलने का मौका भी मिला। सुनील का बचपन से ही खेलों में रुझान था। स्कूली दिनों में वॉलीबॉल खेलते थे। लेकिन फेंसिंग के खेल ने उन्हें पहचान दिलाई। सुनील जाखड़ ने 30वीं सीनियर तलवारबाजी चैम्पियनशिप में जौहर दिखाते हुए राजस्थान के लिए दो स्वर्ण पदक हासिल किए थे। वह देश के लिए साउथ एशियन गेम्स सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में अब तक 20 से अधिक पदक जीत चुके हैं।

सुनील जाखड़ अभी तक तलवारबाजी में साउथ एशियन गेम्स में 2 गोल्ड, आर्मी बनाम श्रीलंका, नेशनल गेम्स केरल, सीनियर फेंसिंग प्रतियोगिता नासिक, सीनियर नेशनल प्रतियोगिता पुणे, फेडरेशन कप पटियाला, नेशनल तलवारबाजी प्रतियोगिता रायपुर, नेशनल प्रतियोगिता सोलापुर में स्वर्ण पदक एवं सीनियर तलवारबाजी प्रतियोगिता रायपुर, सीनियर नेशनल प्रतियोगिता जम्मू, आर्मी बनाम श्रीलंका, सीनियर तलवारबाजी प्रतियोगिता में रजत पदक सहित थाईलैंड ओपन तलवारबाजी प्रतियोगिता बैंकॉक में भी कांस्य पदक हासिल कर चुके हैं।

# आगामी मैचों में अपनी गलतियों को कम करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे : जयदीप दहिया



**बेंगलुरू।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आठवें संस्करण में शनिवार को दबंग दिल्ली केसी से 25-28 से हारने के बाद हरियाणा स्टीलर्स बुधवार को पुनेरी पलटन के खिलाफ वापसी करना चाहेगी। हरियाणा के डिफेंडर जयदीप दहिया ने कहा कि टीम पुनेरी पलटन के खिलाफ खेलने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा, हम पिछले मैच के बाद निराश थे क्योंकि हम पूरे खेल में प्रतियोगिता में थे, लेकिन हमने मैच के आखिरी कुछ मिनटों में कुछ त्रुटियां कीं जो कि हमें हार की कीमत से चुकानी पड़ी। हम निश्चित रूप से अपनी गलतियों को सुधारने की कोशिश करेंगे। हम पुनेरी पलटन का सामना करने के लिए बिल्कुल तैयार हैं और हम मैच जीतने की पूरी कोशिश करेंगे।जयदीप ने कहा कि हरियाणा स्टीलर्स महत्वपूर्ण क्षणों में अपनी गलतियों को कम करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

उन्होंने कहा, हमारा संयोजन रेड और डिफेंस को ठीक से सेट करना है, लेकिन हम कुछ छोटी गलतियां कर रहे हैं जिससे हमारे लिए प्रतियोगिता में अधिक जीत दर्ज करना मुश्किल हो गया है। हम अपने आगामी मैचों के महत्वपूर्ण क्षणों के दौरान अपनी गलतियों को कम करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। पुनेरी पलटन के खिलाड़ियों के बारे में पूछे जाने पर, डिफेंडर ने कहा, हमें डिफेंडर विशाल भारद्वाज और रेडर मोहित गोयत, असलम इनामदार और नितिन तोमर पर नजर रखनी होगी। पुनेरी पलटन की पूरी टीम अच्छी है, लेकिन हम उनके खेल के वीडियो फुटेज देखेंगे और उसी के अनुसार अपनी रणनीति बनाएंगे।

जयदीप ने यह भी कहा कि वह हरियाणा स्टीलर्स के साथ अपने समय का आनंद ले रहे हैं, उन्होंने कहा, यह प्रो कबड्डी लीग का मेरा पहला सीजन है। हरियाणा स्टीलर्स टीम का हिस्सा बनना शानदार रहा है। हम एक परिवार की तरह हैं और हम सभी के पास बहुत कुछ है।

# एशिया कप, सीनियर महिला हॉकी टीम में पहचान बनाने का शानदार अवसर : मारियाना कुजूर



**नई दिल्ली।** भारत की प्रतिभाशाली युवा फॉरवर्ड मारियाना कुजूर का मानना है कि महिला एशिया कप सीनियर हॉकी टीम में अपनी पहचान बनाने का एक शानदार अवसर है।

मारियाना ने कहा, मैं इस अवसर के लिए आभारी हूं। महिला एशिया कप अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर में एक बहुत ही प्रतिष्ठित टूर्नामेंट है और मैं वास्तव में इस अवसर का उपयोग उस भूमिका को निभाने के लिए करना चाहती हूं जिसे मुझे सौंपा गया है। मुझे टीम की उम्मीदों पर खरा उतरना है।

उन्होंने कहा, बेंगलुरू में शिविर में पिछले कुछ सप्ताह मेरे लिए अच्छे रहे क्योंकि मैंने यह समझने पर काम किया कि सीनियर टीम किस स्तर पर खेलती है और मेरा मानना है कि मैंने विशेष रूप से फॉरवर्डलाइन और मिडफील्ड में खिलाड़ियों के साथ अच्छा ऑन-फील्ड संचार विकसित किया है।

रविवार को ओमान के मस्कट में पहुंचने के बाद, टीम को वहां की परिस्थितियों के अभ्यस्त होने के लिए कुछ कठिन अभ्यास सत्र लगाए गए हैं और मारियाना का मानना है कि टीम 21 जनवरी को अपने पहले मैच से पहले काफी उत्साहित है।

उन्होंने कहा, मस्कट पहुंचने के बाद, हमारे पास हॉकी के कुछ अच्छे सत्र थे। मौसम काफी सुहावना है और हम सुल्तान क्यूबोस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पिच के अभ्यस्त हो रहे हैं। यह एक सुंदर स्थान है और टीम पहले से काफी उत्साहित है।

गत चैम्पियन भारत को पूल ए में जापान, मलेशिया और सिंगापुर के साथ रखा गया है। भारतीय टीम 21 जनवरी को मलेशिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी। इसके बाद 23 जनवरी को जापान का सामना करेगी। भारतीय टीम अपने आखिरी पूल ए मैच में 24 जनवरी को सिंगापुर से भिड़ेगी। सेमीफाइनल 26 जनवरी को और फाइनल मैच 28 जनवरी को खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट की शीर्ष चार टीमें एफआईएच महिला विश्व कप 2022 के लिए क्वालीफाई करेंगी।

# प्रीमियर हैंडबॉल लीग की चौथी टीम होगी 'महाराष्ट्र आयरनमेन'

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र आयरनमेन प्रीमियर हैंडबॉल लीग (पीएचएल) के बहुप्रतीक्षित उद्घाटन संस्करण की चौथी टीम होगी। आयोजकों ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी।

महाराष्ट्र आयरनमेन इस साल के अंत में होने वाले पीएचएल के उद्घाटन संस्करण में भाग लेने वाली छह टीमों में शामिल होगी। जिन तीन टीमों का नाम पहले से ही रखा गया है, वे गर्वित गुजरात, गोल्डन ईगल्स उत्तर प्रदेश और राजस्थान वूल्वरिन हैं। महाराष्ट्र की टीम का स्वामित्व पुनीत बालन समूह के पुनीत बालन के पास है।

पुनीत ने एक बयान में कहा, हैंडबॉल गति, चपलता, तकनीक, कौशल और टीम वर्क के अनूठे संयोजन के साथ सबसे रोमांचक खेलों में से एक है और पश्चिमी बाजार में इसका बहुत अच्छा अनुसरण है। मेरा मानना है कि अगर इसे बढ़ावा दिया जाता है और अच्छी तरह से समर्थन किया जाता है, तो यह भारतीय बाजार में भी समान लोकप्रियता हासिल करेगा। इसके अतिरिक्त, सशस्त्र सेवाओं से आने वाले अधिकांश खिलाड़ियों के साथ एक ओलंपिक खेल होने के नाते, हैंडबॉल हमारे समूह के लिए एक स्वाभाविक पसंद बन जाता है। पीएचएल के माध्यम से, हम इस नए जमाने के खेल को बदलना चाहते हैं।

बता दें कि द इंटरनेशनल हैंडबॉल फेडरेशन द्वारा भारत को हैंडबॉल के लिए अगले बड़े स्थल के रूप में चुना गया है। प्रति टीम 14 खिलाड़ियों के साथ, प्रीमियर हैंडबॉल लीग (पीएचएल) भारत में खेल के तरीके में क्रांति लाने के लिए पूरी तरह तैयार है। लीग को विशेष रूप से हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में ब्लूस्पोर्ट एंटरटेनमेंट के लिए लाइसेंस प्राप्त है और फ्लैगशिप सीजन इस साल के अंत में लॉन्च होने के लिए तैयार है, जिसमें भारत के 6 राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाली 6 फ्रेंचाइजी टीमें शामिल हैं।

# अंडर -19 विश्व कप : चोटिल सोनी बेकर की जगह बेंजामिन क्लिफ इंग्लिश टीम में शामिल




**जॉर्ज टाउन।** यॉर्कशायर के गेंदबाज बेंजामिन क्लिफ को मौजूदा आईसीसी अंडर -19 पुरुष विश्व कप 2022 के लिए चोटिल तेज गेंदबाज सोनी बेकर की जगह इंग्लैंड टीम में शामिल किया गया है। बेकर की पीठ में चोट है और वह टूर्नामेंट में आगे हिस्सा नहीं ले पा रहे हैं।

बता दें कि किसी खिलाड़ी के प्रतिस्थापन के लिए आईसीसी के तकनीकी समिति की स्वीकृति की आवश्यकता होती है, जिसके बाद प्रतिस्थापन खिलाड़ी को आधिकारिक तौर पर टीम में जोड़ा जा सकता है।आईसीसी ने एक बयान में कहा, आईसीसी ने पुष्टि की है कि अंडर -19 पुरुष विश्व कप 2022 की इवेंट टेक्निकल कमेटी ने बेंजामिन क्लिफ को इंग्लैंड टीम में सोनी बेकर के प्रतिस्थापन के रूप में मंजूरी दे दी है।

आईसीसी के अनुसार, इवेंट टेक्निकल कमेटी में चेयर क्रिस टेटली (आईसीसी हेड ऑफ इवेंट्स), बेन लीवर (आईसीसी सीनियर इवेंट मैनेजर), फॉवाज बक्श (टूर्नामेंट डायरेक्टर) रोलैंड होल्डर (सीडब्ल्यूआई प्रतिनिधि) एलन विल्किंस और रसेल अर्नोल्ड (दोनों स्वतंत्र प्रतिनिधि) शामिल हैं।

## रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने लगातार दूसरी बार जीता सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार



**ज्यूरिख।** बेयर्न म्यूनिख के स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने लगातार दूसरे वर्ष सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। वहीं, स्पेन की मिडफील्डर एलेक्सिया पुटेलस ने महिला वर्ग का पुरस्कार हासिल किया। लेवांडोव्स्की ने लियोनेल मेस्सी और मोहम्मद सालाह को हराकर लगातार दूसरी बार यह पुरस्कार जीता। फीफा ने एक बयान में कहा, सर्वश्रेष्ठ फीफा फुटबॉल पुरस्कार 2021 समारोह, ज्यूरिख में फीफा कार्यालय में एक आभासी टीवी शो के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें दो घरेलू नामों, एलेक्सिया पुटेलस और रॉबर्ट लेवांडोव्स्की को क्रमशः महिला और पुरुष फुटबॉल में उत्कृष्ट खिलाड़ियों के रूप में ताज पहनाया गया।

सेनेगल के शॉट-स्टॉपर एडौर्ड मेंडी ने द बेस्ट फीफा पुरूष गोलकीपर का पुरस्कार जीता। यह पुरस्कार जीतने वाले वह पहले अफ्रीकी बन गए, जबकि चिली की क्रिस्टियन एंडलर को सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला गोलकीपर नामित किया गया।

# पीसीबी ने राष्ट्रीय अंडर -13 और अंडर -16 एकदिनी टूर्नामेंट निलंबित किया

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कराची और मुल्तान में चल रहे राष्ट्रीय अंडर -13 और अंडर -16 एक दिवसीय टूर्नामेंट को निलंबित कर दिया है। पीसीबी ने यह फैसला इन टूर्नामेंटो में अधिक आयु वर्ग के क्रिकेटरों के भाग लेने की खबरों के बाद किया है। पीसीबी ने बोन एज वेरिफिकेशन टेस्ट के तीसरे दौर का आयोजन करने का फैसला किया है, जिसके बाद अगले सप्ताह शुरू होने वाले दोनों टूर्नामेंटों से पहले टीमों को संशोधित किया जा सकता है। पीसीबी के अनुसार, मुल्तान में अस्थि आयु परीक्षण, जहां प्रत्येक क्रिकेट संघ ने दो-दो टीमों को मैदान में उतारा है, मंगलवार और बुधवार को आयोजित किया जाएगा, जबकि 150 क्रिकेटरों पर परीक्षण (खेल सदस्यों, यात्रा रिजर्व और प्रति पक्ष खिलाड़ियों के रिजर्व पूल सहित) भाग ले रहे हैं। अंडर-13 इवेंट कराची में मंगलवार को होगा।

पीसीबी निदेशक (उच्च प्रदर्शन) नदीम खान ने एक बयान में कहा, दृश्य मूल्यांकन के बाद पुष्टि की गई कि कुछ अधिक उम्र के क्रिकेटर अंडर-13 और अंडर-16 टूर्नामेंट में भाग ले रहे थे, प्रतियोगिताओं को स्थगित करना और नए सिरे से अस्थि आयु परीक्षण करना बिल्कुल सही काम था। .

उन्होंने कहा, पीसीबी, पाकिस्तान में क्रिकेट के एकमात्र शासी निकाय के रूप में, अधिक उम्र के क्रिकेटरों को सिस्टम की खामियों का फायदा उठाने और कम उम्र के क्रिकेटरों के साथ-साथ उनके माता-पिता को डिमोटिवेशन और मानसिक तनाव का कारण बनने की अनुमति नहीं दे सकता है। आयु-वर्ग क्रिकेट में भाग लेने के लिए पात्र बनने के लिए उम्र का मिथ्याकरण न केवल एक अपराध है, बल्कि एक खतरा है जो हमारे सिस्टम को त्रस्त कर रहा है। अब टूर्नामेंट की अखंडता की रक्षा के साथ-साथ प्रतिभाशाली युवाओं के पलायन को रोकने के लिए इसे ठीक करने की आवश्यकता है।

## वॉलीबाल प्रतियोगिता में गोरखपुर टीम विजेता, वाराणसी बनी उपविजेता

**प्रयागराज।** डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन, प्रयागराज के तत्वावधान में गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज, कोरांव में दो दिवसीय ह्लमृत्युंजय प्रताप सिंह स्मारक वॉलीबॉल प्रतियोगिताह्ल हुई। इसमें गोरखपुर स्पोर्टस कॉलेज की टीम ने वॉलीबाल क्लब वाराणसी की टीम को 25-19 और 25-18 अंकों से हराकर ह्लमृत्युंजय प्रताप सिंह स्मारक वालीबॉल प्रतियोगिता की ट्रॉफी जीत ली। उक्त प्रतियोगिता में कुल 21 टीमों ने प्रतिभाग कर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। नॉक आउट सिस्टम से खेली गई उक्त प्रतियोगिता के प्रथम दिन स्थानीय टीमों के बीच हुए फाइनल मैच के मुकाबले में कड़े संघर्ष के साथ स्पोर्टिंग क्लब मिजार्पुर की टीम ने सोरांव यूथ क्लब मेजा की टीम को 25-23, 20-25 और 25-23 अंकों से हराया था। इसके पूर्व अन्य खेले गए मैचों के मुकाबले में गोरखपुर स्पोर्ट्स कॉलेज ने पुलिस लाइंस, प्रयागराज को तथा सीडीए पेंशन प्रयागराज की टीमों को लगातार दोनों सेटों में पराजित करके फाइनल में प्रवेश किया था। प्रतियोगिता में अल्ताफ अली, मुकेश शुक्ला, नृपजीत सचान, असफाक अहमद, रवि वर्मा और संतोष भास्कर ने निर्णायक की भूमिका अदा की।

# मोरक्को में समुद्र तट पर पलटी नाव, तीन बच्चों सहित 43 की मौत

**रबात।** दक्षिण मोरक्को के तारफाया कस्बे के समुद्री तट पर एक नाव पलटने से 43 लोगों की जान चली गयी। मरने वालों में तीन बच्चे शामिल हैं। नाव पलटने की जानकारी मिलने पर पहुंचे बचाव दल ने दस लोगों की जान बचाई है। अभी बचाव कार्य जारी हैं।

बेहतर जीवन जीने की आसपास में आसपास के देशों से लोग समुद्र के रास्ते से यूरोप जाते हैं। उत्तर अफ्रीकी देश मोरक्को से होकर ऐसे प्रवासी श्रमिक यूरोप के तटों की ओर रुख करते हैं, ताकि उन्हें वहां बेहतर जीवन जीने के अवसर मिल सके। समुद्र तट पर पलटी नाव में सवार प्रवासी भी स्पेन के कैनेरी द्वीप जा रहे थे। यह द्वीप दक्षिण मोरक्को के समुद्र तटीय कस्बे तारफाया से 100 किलोमीटर दूर है। स्पेन के संगठन



कैमिनांडो फ्रोंटेरास ने जानकारी दी कि कैनेरी द्वीप जा रही नाव तारफाया के पास समुद्र तट पर पलट गयी।

हादसे के शिकार लोगों ने बचाव की गुहार लगाई तो मोरक्को सरकार की ओर से बचाव व राहत दल भेजा गया। बचाव की गुहार लगाने के समय तक नाव का प्रबंधन दो घंटे तक संचार व्यवस्था बनाए रखने में सक्षम था। मोरक्को सरकार के अधिकारियों को नाव का पता लगाने व राहत कार्य शुरू करने में घंटों लगे। फिर भी पलटी नाव के मलबे से दस लोगों को बचा लिया गया। अब तक 43 लोगों की मृत्यु की पुष्टि हो चुकी है। मरने वालों ने तीन नवजात शिशु भी शामिल हैं। अब तक दो ही शव निकाले जा सके हैं। शेष शव ढूंढ़ने का काम चल रहा है।

# यूएई-सऊदी ने भारतीयों की मौत का लिया करारा बदला, हाउदी कमांडर मारा गया

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबू धाबी स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हाउदी विद्रोहियों के हमले में दो भारतीयों सहित तीन लोगों की मौत का बदला ले लिया गया है। संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब के नेतृत्व वाली अरब गठबंधन सेना ने यमन की राजधानी साना के उत्तरी इलाके पर जोरदार हवाई हमला किया, जिसमें हाउदी कमांडर मेजर जनरल अब्दुल्लाह कासिम अल जुनैद की मौत हो गयी। ईरान समर्थक हाउदी विद्रोहियों ने सोमवार को यूएई की राजधानी अबूधाबी पर



ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया था। इसमें 2 भारतीयों और एक पाकिस्तानी नागरिक की मौत हो गई थी। विद्रोहियों के हमले में तीन तेल टैंकरों में विस्फोट होने के बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के मुख्य हवाई अड्डे के विस्तार पटल पर आग लग गयी थी। इस हमले के बदला लेने के लिए अरब सेना के फाइटर जेट ने यमन की राजधानी साना के उत्तरी इलाके में जोरदार हवाई हमला किया। इसमें हाउदी विद्रोहियों द्वारा लांच किये गए आठ ड्रोन नष्ट कर दिए गए। साथ ही हाउदी विद्रोहियों के बड़े नेता माने जाने वाले मेजर जनरल अब्दुल्लाह कासिम अल जुनैद भी मार गिराया गया।

# पाकिस्तान के सुरक्षा सलाहकार जाएंगे अफगानिस्तान, सीमा विवाद पर होगी चर्चा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सरहद पर बाड़ लगाने को लेकर संघर्ष लगातार गंभीर होता जा रहा है। अब पाकिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मोईद यूसुफ मंगलवार से दो दिवसीय अफगानिस्तान यात्रा के दौरान सीमा विवाद पर भी चर्चा करेंगे। इसके अलावा वह अफगानिस्तान में मानवीय जरूरतों का आकलन कर मदद की समीक्षा भी करेंगे। पाकिस्तान और अफगानिस्तान की सरहद मानी जाने वाली 2600 किलोमीटर लंबी डूरंड लाइन पर बाड़ लगाने को लेकर तालिबान व पाकिस्तान के बीच विवाद बढ़ता जा रहा है। बीते दिनों तालिबान व पाकिस्तानी सेना के बीच संघर्ष इस कदर बढ़ गया कि दोनों ओर से तोपों ने गोले उगले, जो आसपास के रिहायशी इलाकों तक जाकर गिरे। अब मंगलवार से दो दिवसीय काबुल यात्रा शुरू कर रहे पाकिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मोईद यूसुफ के सामने यह मसला भी बड़ी चुनौती के रूप में सामने रहेगा। वे तालिबान नेताओं से इस मसले पर चर्चा कर दोनों देशों के बीच सरहदों का तनाव खत्म करने की कोशिश करेंगे । उल्लेखनीय है कि दशकों से संघर्ष और अस्थिरता का सामना कर रहे अफगानिस्तान की सत्ता पर पिछले वर्ष अगस्त मे तालिबान ने कब्जा कर लिया था इसके बाद से वहां संकट के बादल छाए हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ भी साफ कह चुका है कि तालिबान के हाथ मे अफगानिस्तान की सत्ता आने के बाद वह देश भले ही स्थिर दिख रहा है किन्तु वहां अभी भी भुखमरी जैसे हालात हैं। पाकिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मोईद यूसुफ अपनी अफगानिस्तान यात्रा के दौरान वहा मानवीय सहायता उपलब्ध कराने की तरीकों पर भी चर्चा करेंगे।

# चीन ने बीजिंग में संक्रमण का मामला आने के बाद वायरस रोधी कदमों को सख्त किया

**बीजिंग।** खेलों की मेजबानी से महज कुछ हफ्ते पहले बीजिंग में कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के संक्रमण का पहला मामला आने के बाद चीन ने राष्ट्रीय राजधानी में वायरस रोधी उपाय सख्त कर दिए हैं। सरकारी मीडिया ने बताया कि शनिवार को ओमीक्रोन स्वरूप के संक्रमण का मामला आने के बाद संक्रमित जहां-जहां गया था, वहां के 13 हजार से अधिक लोगों की जांच की गई है। वहीं संक्रमित जिस अपार्टमेंट में रहता है और जहां पर उसका कार्यालय है, उन इमारतों को सील कर दिया गया है।



सरकारी मीडिया के मुताबिक संक्रमित व्यक्ति राजधानी के पश्चिमोत्तर जिले हैदियान में रहता और कार्य करता है। वह पिछले दो सप्ताह में बीजिंग से बाहर कहीं नहीं गया है।सरकारी मीडिया ने सोमवार को बताया कि करीब दो करोड़ आबादी वाली राजधानी में सख्त यात्रा प्रतिबंध पर विचार किया जा रहा है। तियानजिन से आवाजाही को पहले ही बंद कर दिया गया है, अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की संख्या कम कर दी गई है और घरेलू यात्री बीजिंग होकर दूसरे स्थान पर जा रहे हैं तो उन्हें रोका जा रहा है।मीडिया ने बताया कि बीजिंग में सोमवार को संक्रमण का कोई मामला नहीं आया। वैसे, पड़ोसी तियानजिन में गत 24 घंटे के दौरान कोविड-19 के 80 नए मामले आए हैं। उल्लेखनीय है कि चीनी नववर्ष के उत्सव के कुछ दिनों बाद ही चार फरवरी को ओलंपिक खेलों की शुरूआत होनी है। इसके मद्देनजर खिलाड़ियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और पत्रकारों को क्लोज लूप बब्बल मे बिना बाहरी संपर्क के रहना होगा और रोजाना उनकी जांच की जाएगी।

# सूडान में आपातकाल पर भारत चिंतित, संयुक्त राष्ट्र में समाधान खोजने पर जोर

**न्यूयार्क।** सूडान में सैन्य प्रशासन द्वारा आपातकाल लागू किये जाने के बाद वहां की राजनीतिक गतिविधियों को लेकर भारत चिंतित है। संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ब्रीफिंग में भारतीय स्थायी मिशन के काउंसलर प्रतीक माथुर ने सूडान में परस्पर स्वीकार्य समाधान खोजने पर जोर दिया।प्रतीक माथुर ने कहा कि सूडान के प्रधानमंत्री अब्दुल्ला हमदोक का इस्तीफा देश की अंदरूनी चुनौतियों को स्पष्ट रूप से दशार्ता है। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सूडान को संयुक्त राष्ट्र के सुझावों के अनुरूप राजनीतिक प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित करने की जरूरत है।

इस प्रक्रिया का उद्देश्य राजनीतिक व सामाजिक अस्थिरता की स्थिति से उबारना और पूरी व्यवस्था को पटरी पर लाना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सर्वाधिक महत्वपूर्ण यह है कि सभी पक्ष परस्पर स्वीकार्य समाधान खोजने के लिए अन्य मुद्दों पर भी बात करते रहें।

इससे पूर्व अफ्रीकी संघ में राजनीतिक मामलों के आयुक्त (शांति एवं सुरक्षा) बैंकोले अदेओय ने सूडान के सभी पक्षों से किसी भी प्रकार की हिंसा से बचने का आान किया। उन्होंने कहा कि सूडान की स्थिरता, शांति और समृद्ध पर ध्यान केंद्रित किये जाने की जरूरत है। अदेओय ने सूडान में चल रहे राजनीतिक संकट के समाधान के लिए इस प्रक्रिया में शामिल सभी पक्षों व हिताधारकों द्वारा ईमानदारी से मजबूत प्रयास किये जाने का आान किया।

उल्लेखनीय है कि सूडान के सशस्त्र बलों के जनरल कमांडर अल-बुरहान ने 25 अक्तूबर 2021 को संप्रभु परिषद और सरकार को भंग कर आपातकाल की घोषणा कर दी थी। तब से सूडान राजनीतिक संकट का सामना कर रहा है।

## ब्रिटेन ने किशोरों को बूस्टर डोज के लिए दी हरी झंडी

**लंदन।** किशोरों को कोरोना से बचाव के लिए ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) ने बूस्टर डोज देने को मंजूरी दी है। इसके तहत सोमवार से 16 और 17 साल आयुवर्ग के किशोर अपनी बूस्टर खुराक के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। ब्रिटेन में टीकाकरण संबंधी संयुक्त समिति की ओर से अब तक टीके की तीसरी खुराक 18 साल या उससे अधिक आयु के लोगों या कोविड-19 के अत्याधिक जोखिम की चिकित्सा श्रेणी वाले किशोरों के लिए ही प्रस्तावित है।

## बाइडन और किशिदा शुक्रवार को करेंगे ऑनलाइन बैठक

**विलमिंगटन (अमेरिका)।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और जापान के नए प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा शुक्रवार को एक ऑनलाइन बैठक करेंगे। दुनिया भर में कोरोना वायरस के ह्यओमीक्रोनह्न स्वरूप के बढ़ते मामलों के बीच ज्यादातर बैठकें डिजिटल माध्यम से ही की जा रही हैं। व्हाइट हाउस ने रविवार को बताया कि बैठक में अमेरिका और जापान के गठबंधन की ताकत का विशेष रूप से उल्लेख किया जाएगा। दोनों देश क्षेत्र में चीन की बढ़ती आर्थिक एवं सैन्य पकड़ के मद्देनजर अपने संबंधों को गहरा करने के लिए तत्पर हैं।

किशिदा नवंबर में निर्वाचित हुए थे और दोनों नेताओं के बीच यह पहली बैठक होगी। अप्रैल में, बाइडन ने तत्कालीन प्रधानमंत्री योशीहिदे सुगा के साथ व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की थी, जो वार्ता के लिए वाशिंगटन आए थे।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने एक बयान में कहा कि बाइडन, ह्यह्य मुक्त एवं स्वतंत्र हिंद-प्रशांत के लिए अपने साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने तथा कोविड-19 से लड़ने, जलवायु परिवर्तन से निपटने जैसे अहम मुद्दों और नयी एवं उभरती प्रौद्योगिकियों को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री किशिदा के साथ काम करने को इच्छुक हैं।

## उत्तर कोरिया ने फिर दागी मिसाइल, दक्षिण कोरिया व जापान चिंतित



**सियोल।** पूरी दुनिया के विरोध और रोकटोक की परवाह किये बिना उत्तर कोरिया का मिसाइल व परमाणु कार्यक्रम रुकने का नाम नहीं ले रहा है। उत्तर कोरिया ने महीने में चौथी बार मिसाइल दागी है। दक्षिण कोरिया व जापान ने इसे बैलेस्टिक मिसाइल बताते हुए चिंता जाहिर की है।

उत्तर कोरिया इस माह में एक हाइपरसोनिक मिसाइल टेस्ट के साथ तीन बार मिसाइल लांच कर चुका था। अब चौथी मिसाइल दाग दी गयी है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि इसका रुख जापान सागर की ओर था। उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंग्यांग के सुनान हवाई अड्डे से पूर्व की ओर ये शार्ट रेंज बैलिस्टिक मिसाइल दागी गयीं। जापान के कोस्ट गार्ड ने भी इसको एक बैलेस्टिक मिसाइल ही बताया है।

मिसाइल दागे जाने के बाद जापान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस मिसाइल के बारे में अधिकाधिक जानकारी हासिल कर विश्लेषण के निर्देश दिये हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से किए गए एक ट्वीट में मिसाइल के मद्देनजर अपने सभी विमानों व दूसरे संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है। साथ ही हर समय चुनौती का सामने करने के लिए तैयार रहने की बात भी कही गयी है।

उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह ही उत्तर कोरिया ने ट्रेन से एक मिसाइल दाग कर इसे फायरिंग ड्रिल करार दिया था। तब उत्तर कोरिया ने दो मिसाइल जापान सागर की ओर दागे जाने की बात स्वीकार की थी। माह भीतर चौथी मिसाइल दागे जाने के बाद क्षेत्र मे तनाव बढ़ने की उम्मीद है।

## ब्रिटेन में परिवार की सुरक्षा को लेकर प्रिंस हैरी ने की कानूनी कार्रवाई

**लंदन।** प्रिंस हैरी ब्रिटेन की यात्रा के दौरान अपनी और अपने परिवार की पुलिस सुरक्षा के लिए भुगतान करने से रोकने के गृह कार्यालय के फैसले पर कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं। हैरी अब पत्नी मेगन मर्केल और बच्चों के साथ अमेरिका में रहते हैं। हैरी ने सुरक्षा को लेकर सरकारी विभाग के फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय में न्यायिक समीक्षा के लिए याचिका दायर की है।

37 वर्षीय ड्यूक प्रिंस हैरी वर्ष 2020 में अपने शाही कर्तव्यों से मुक्त हो गए थे। हैरी ने शाही परिवार से रिश्ता तोड़ लिया है और अपने देश की भविष्य की यात्रा के दौरान अपने परिवार की सुरक्षा के लिए स्वयं खर्च करना चाहते हैं।

हैरी के कानूनी प्रतिनिधि ने एक बयान में कहा है कि ब्रिटेन हमेशा प्रिंस हैरी का घर रहेगा।

**अखंड भारत संदेश**

**स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक**

**211019 से प्रकाशित स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।**

**Title UPHIN 29506**

## चीन को खुश करने के लिए बांग्लादेश अनावश्यक रूप से खरीद रहा रेल के मीटर गेज वैगन

**ढाका।** अपनी विस्तारवादी नीति की वजह से भारतीय उपमहाद्वीप में लगातार खतरा बनते जा रहे चीन को खुश करने में अब भारत का पड़ोसी बांग्लादेश भी जुट गया है। बांग्लादेश गैरजरूरी तरीके से मीटर गेज रेलवे वैगन की खरीद कर चीन को खुश करने में लगा है। वर्तमान में, बांग्लादेश रेलवे के पूर्वी क्षेत्र में 560 मीटर गेज वैगन हैं। इनमें से 360 वैगन परिचालन में हैं।लोगों को मानना है कि बाकी को थोड़ी मरम्मत के बाद चलाया जा सकता है। वित्त वर्ष 2020-21 में पूर्वी क्षेत्र में वस्तु परिवहन क्षेत्र से राजस्व 145 करोड़ रुपये रहा है। सिलहट से उर्वरकों और चटगांव से चावल और गेहूं सहित सभी सामानों का परिवहन वर्तमान में मीटर गेज वैगन से किया जा सकता है। साथ ही सिलहट अगौरा की रेलवे लाइन में खराबी के चलते 30 की जगह 12 वैगनों का उपयोग माल परिवहन के लिए करना पड़ रहा है। इसके बाद भी बांग्लादेश चीन से अनावश्यक रूप से मीटर गेज वैगन खरीद रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि 2013 में चीन से खरीदी गई डेमो ट्रेन की तरह यह मीटर गेज वैगन भी उसके लिए गले की फांस बनने वाले हैं।

बांग्लादेश रेलवे एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और बांग्लादेश सरकार के वित्त पोषण से चीनी सीआरआरसी शेडोंग कंपनी लिमिटेड से 36 कवर्ड, 164 खुली और 20 ब्रेक वैन खरीदने जा रही है। बांग्लादेश रेलवे ने कंपनी के साथ 26 दिसंबर को 318.63 करोड़ रुपये के खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह मीटर गेज वैगन मार्च-अप्रैल 2023 से पहुंचने शुरू हो जाएंगे। समझौते के मुताबिक, वैगनों की डिलीवरी 18 से 30 महीने के भीतर करनी होती है। हालांकि, फिलहाल ज्यादातर मालगाड़ियां पश्चिम में चलती हैं। इनमें से लगभग सभी ट्रेनें ब्रॉड गेज की हैं। इसके अलावा, कोरोना काल में भारत से रेल के माल आयात में भी वृद्धि हुई है। रेल परिवहन विभाग के संबंधित लोगों का मानना है कि मांग नहीं होने के कारण मीटर गेज वैगन का इस्तेमाल नहीं होगा। नतीजतन, परियोजना के नाम पर बड़ी रकम बर्बाद हो जाएगी।

रेल परिवहन विभाग के अधिकारियों के अनुसार बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के निर्देश के बाद पिछले छह वर्ष में बांग्लादेश में कोई नया मीटर गेज रेलवे निर्माण परियोजना शुरू नहीं की गई है। पुराने मीटर गेज रेलवे को भी चरणों में ब्रॉड गेज या ड्यूल गेज में परिवर्तित किया जा रहा है तो 20 साल बाद देश में मीटर गेज रेलवे नहीं रहेगा। इसके अलावा, बांग्लादेश के पूर्वी हिस्से (पद्मा के पूर्वी तट) में मालगाड़ियां बहुत कम चलती हैं। क्षेत्र में मुख्य रूप से कंटेनर ट्रेनें और डीजल ट्रेनें चलती हैं। यही कारण है कि विभिन्न प्रकार के वैगन और टैंकर हैं।

## ट्रंप की हत्या का कार्टून वीडियो जारी करने वाले ईरानी धर्मगुरु अयातुल्ला खामेनेई का ट्विटर एकाउंट बैन



**तेहरान।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या का कार्टून (एनिमेशन) वीडियो जारी करने वाले ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई से जुड़ा ट्विटर एकाउंट को बैन कर दिया गया है। खामनेई साइट नाम का यह ट्विटर अकाउंट ईरानी सर्वोच्च नेता के कार्यालय से ऑपरेट किया जाता था। इस एकाउंट से ईरानी जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या का बदला लेने की भी बात कही गई थी।

अयातुल्ला अली खामेनेई से जुड़े एक खाते को स्थायी रूप से निलंबित करने पर ट्विटर के प्रवक्ता ने भी कहा कि हमारी नीतियों का उल्लंघन करने के कारण इस अकाउंट को प्रतिबंधित किया गया है। ट्विटर ने हालांकि, इस मामले में अधिक जानकारी देने से इनकार कर दिया। हालांकि, उसने कई बार कहा है कि उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता लोगों को सुरक्षित रखना और मंच पर मैत्रीपूर्ण संचार की रक्षा करना है।

खामेनेई की आधिकारिक वेबसाइट से गुरूवार को रिवेंज इज डेफिनिट शीर्षक से एक एनिमेशन वीडियो पोस्ट किया गया था। इसमें ईरानी सैन्य अधिकारियों को एक ऐसे व्यक्ति की ओर एक एडवांस सर्विलांस और अनमैंड कॉम्बेट व्हीकल्स को जाते हुए दिखाया गया, जो ट्रंप की तरह गोल्फ खेलते हुए नजर आता है। फुटेज के अंत में यूसीवी को ऑपरेट कर रहा शख्स ट्रंप जैसे दिखने वाले आदमी पर गाड़ी में लगी बंदूक का निशाना लगाए दिखता है।

सुलेमानी और इराकी पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्सेज के डिप्टी कमांडर अबू महदी अल-मुहांडिस 3 जनवरी 2020 को बगदाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अमेरिकी ड्रोन हमले में मारे गए थे।

## ऑस्ट्रेलिया से निर्वासित किए जाने के बाद दुबई पहुंचे जोकोविच

**दुबई।** कोविड-19 रोधी टीकाकरण की आवश्यकता से जुड़े विवाद के बाद ऑस्ट्रेलिया से निर्वासित किए जाने के बाद टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच सोमवार तड़के दुबई पहुंचे। टीका लगवाने की अनिवार्यता को मानने से इनकार करने के कारण टेनिस के शीर्ष खिलाड़ी की अपने ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब को बचाए रखने की उम्मीदें भी समाप्त हो गईं। जोकोविच को लेकर आ रहा विमान मेलबर्न से साढ़े 13 घंटे का सफर पूरा करने के बाद यहां पहुंचा। ऑस्ट्रेलिया में उन्होंने एक अदालत में दलील दी थी कि उन्हें देश में रहने दिया जाए और इस चिकित्सकीय छूट के तहत उन्हें टूनार्मेंट में खेलने दिया जाए



कि पिछले महीने ही वह कोरोना वायरस से संक्रमित हुए थे। यह तुरंत साफ नहीं हो सका कि यहां से अब वह कहां जाएंगे। ह्यदुबई ड्यूटी फ्री टेनिस श्रृंखलाह्न 14 फरवरी से शुरू होगी।

जोकोविच ने 2020 में इस टूनार्मेंट में जीत हासिल की थी।संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की वाणिज्यिक राजधानी दुबई में यात्रियों के लिए टीकाकरण अनिवार्य नहीं है, हालांकि किसी विमान में सवार होने से पहले उन्हें संक्रमित ना होने की पुष्टि करने वाली पीसीआर रिपोर्ट दिखानी होती है। जोकोविच का वीजा छह जनवरी को एक सीमा अधिकारी ने रद्द कर दिया था, जिन्होंने फैसला किया था कि वह बिना टीकाकरण वाले आगंतुकों को ऑस्ट्रेलिया के नियमों से मिलने वाली चिकित्सकीय छूट के योग्य नहीं हैं। उन्हें टूनार्मेंट के टीके के नियमों से छूट दी गई थी, क्योंकि वह पिछले छह महीने के भीतर संक्रमित हुए थे।

जोकोविच को टूनार्मेंट के लिए ऑस्ट्रेलिया में रहने की अनुमति मिल गई थी, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के आव्रजन मंत्री ने बाद में उनका वीजा रद्द कर दिया। संघीय अदालत के तीन न्यायाधीशों ने रविवार को सर्वसम्मति से फैसला किया कि जोकोविच का वीजा रद्द करने के आव्रजन मंत्री के अधिकार की पुष्टि की जाए।